www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

15 अक्टूबर, 2024
आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 353

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 करने पर कैबिनेट की मुहर






सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 338911 (IPRD) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 93,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# हरियाणा वाली रणनीति झारखंड में भी अपनानी होगी भाजपा को

## ■ सबका साथ, सबका प्रयास और यस वी कैन के भाव से लगना होगा प्रदेश के नेताओं को

## ■ एकजुटता का समागम ही इतिहास लिख पाता है

आजाद सिपाही विशेष

**हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद भाजपा में स्वाभाविक तौर पर एक उत्साह है। इस परिणाम के बाद यह साबित हो गया कि अगर सबका साथ सबका प्रयास के भाव से, यस वी कैन वाले मोटिवेशन से चुनाव लड़ा जाये तो कुछ भी संभव है। यानी आलाकमान से लेकर प्रदेश नेतृत्व का सामूहिक प्रयास, उसमें आरएसएस का तड़का। झारखंड में भी यही प्रयोग भाजपा को करना होगा, तभी राह आसान होगी। वैसे तो झारखंड फतह के लिए भाजपा ने अपने दो सबसे काबिल नेताओं, शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्वा सरमा को तैनात कर दिया है। ये दोनों पूरी मुस्तैदी से अपना काम भी कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश भाजपा में नयी जान भी फूंकी है। वैसे बाबूलाल मरांडी के आने के बाद से ही झारखंड भाजपा एक्टिव मोड में है। लगातार भाजपा जमीन पर काम करती दिख रही है। जब भी कोई नेता बाबूलाल से मिलता, वह कहते हैं, यहां क्यों, ग्राउंड पर दिखिये। वैसे झारखंड की एक रोचक कहानी है, जो बार-बार आंकड़ों के माध्यम से सामने आती रही है। जब-जब प्रदेश इकाई पूरी तरह से केंद्र पर आश्रित हुई है, परिणाम उसकी आशा के अनुरूप नहीं हुआ है। झारखंड में अब तक हुए चार विधानसभा चुनावों में यह बात पूरी तरह साबित हुई है। न केवल विधानसभा चुनाव में, बल्कि लोकसभा चुनाव में भी यह कहानी चरितार्थ हुई है। जिन राज्यों में प्रदेश भाजपा ने अपनी ओर से एड़ी चोटी का जोर लगाया, वहां परिणाम आशानुरूप रहे, जहां की स्थानीय इकाई पूरी तरह आलाकमान पर डिपेंड हो गयी, वहां परिणाम आशानुरूप नहीं रहे। उदाहरण के लिए हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, महाराष्ट्र और बंगाल जैसे राज्यों के परिणामों को सामने रखा जा सकता है। झारखंड में अब तक हुए चार विधानसभा चुनावों के आंकड़े भी यही कहते हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि झारखंड फतह के लिए भाजपा को झारखंडी बनना होगा। यानी सामूहिक प्रयास, सबका साथ, सबका विश्वास। अब तक के परिणामों के आधार पर क्या कुछ हासिल होता रहा है भाजपा को, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

भारतीय जनता पार्टी को भारतीय सियासत की चुनावी मशीन कहा जाता है, क्योंकि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी हमेशा चुनावी मोड में रहती है और इसका चुनाव जीतने का ट्रैक रिकॉर्ड लगभग अपराजेय रहा है। ऐसे में जब 2024 के आम चुनाव में लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के बाद और हाल ही में हरियाणा में भी इतिहास बनाते हुए लगातार तीसरी बार सत्ता पाने के बाद पार्टी के भीतर की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। पार्टी अगले चुनाव, यानी झारखंड और महाराष्ट्र में तैयारियों में जुटी हुई है। उसे अब यह विश्वास हो गया है कि उसकी चुनाव मशीनरी और व्यूह रचना अपराजेय है। हालांकि यह बात भी सही है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दलों को चुनाव में हार-जीत का खट्टा-मीठा अनुभव भी होता रहता है, लेकिन भाजपा के शब्दकोश में चुनावी हार लगभग अस्वीकार्य माना जाता है। इसलिए पार्टी झारखंड में आसन्न विधानसभा चुनाव को गंभीरता से ले रही है, क्योंकि 2019 में यहां हार का सामना करने के बाद से उसके रुख में एक बदलाव साफ दिखने लगा है। केंद्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर भी इस बदलाव को महसूस किया जा सकता है।

भाजपा के लिए झारखंड एक ऐसा प्रदेश है, जो उसका मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। एक समय यह कहावत प्रचलित थी कि नागपुर के बाद अब अगर भाजपा और आरएसएस का कोई सबसे मजबूत गढ़ है, तो वह है छोटानागपुर। लेकिन 2019 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बाहर होने के बाद यह गढ़ दरक गया। इसलिए इस बार पार्टी कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है। पार्टी ने 2024 के आम चुनावों के परिणाम के बाद ही झारखंड पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया और चुनाव की तैयारी में जुट गयी। पार्टी ने इस बार झारखंड की सत्ता दोबारा हासिल करने का संकल्प व्यक्त किया है और इसके लिए उसने बहुआयामी व्यूह रचना तैयार की है। लेकिन पार्टी को झारखंड में अब तक हुए विधानसभा चुनावों के आंकड़ों का सही ढंग से विश्लेषण करने की भी जरूरत है।



### क्या कहते हैं झारखंड के चुनावी आंकड़े

झारखंड में अब तक चार बार विधानसभा के चुनाव हुए हैं। इनमें से दो बार यहां त्रिशंकु विधानसभा बनी, जबकि 2014 और 2019 में क्रमशः भाजपा-आजसू को और झामुमो-कांग्रेस-राजद को स्पष्ट बहुमत मिला। राज्य में पहली बार 2005 में विधानसभा का चुनाव हुआ था। उसमें भाजपा ने 63 सीटों पर चुनाव लड़ा और 23.57 प्रतिशत वोट पाकर 30 सीटें जीतने में कामयाब हुई। उस चुनाव में रणनीति से लेकर प्रत्याशी चयन तक की सारी जिम्मेदारी प्रदेश नेतृत्व को सौंपी गयी थी। इसके बाद 2009 में विधानसभा के दूसरे चुनाव में भाजपा ने 67 सीटों पर प्रत्याशी उतारे और महज 20.18 प्रतिशत वोट हासिल कर 18 सीटें ही जीत सकी। उस चुनाव में तमाम व्यवस्थाएं आलाकमान ने अपने हाथ में ले ली थीं। पार्टी ने सरकार तो बनायी, लेकिन स्पष्ट बहुमत नहीं होने के कारण उसे फैसले लेने में कठिनाई हुई। फिर आया 2014, जब भाजपा के पास नरेंद्र मोदी नामक करिश्माई नेतृत्व आया। लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल करने के बाद उसका विजय रथ राज्यों में भी दौड़ने लगा। बदलाव के उस दौर में झारखंड में भाजपा को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई। उसने 72 सीटों पर चुनाव लड़ा और 31.26 प्रतिशत मत हासिल कर 37 सीटें जीत लीं। उस चुनाव की खास बात यह थी कि उसमें नीतियां केंद्रीय नेतृत्व ने बनायीं और उसे लागू करने की जिम्मेदारी प्रदेश इकाई को दी गयी। यानी सबका साथ, सामूहिक प्रयास। इस रणनीति का अच्छा असर देखने को मिला। लेकिन 2019 आते-आते प्रदेश इकाई नाम का संगठन सिर्फ कागजों पर रह गया और सब कुछ वन टू वन हो गया। यानी सत्ता और पार्टी मानो एक में समाहित हो गयी। न कोई आगे न पीछे। सारे अधिकार एक व्यक्ति के हाथ में सिमट गये। टिकट बंटवारे से लेकर चुनावी चक्रव्यूह की रचना तक की पूरी जिम्मेदारी पार्टी की जगह उस व्यक्ति के हाथ में चली गयी। पार्टी के नेता छुटभैये हो गये। उन्हें चिरकुट की उपाधि से भी नवाजा जाने लगा। यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि आलाकमान ने पावर एक व्यक्ति के हाथ में पूरी तरह सौंप दिया। हालत यह हो गयी कि तत्काली प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण गिलुवा मात्र रबर स्टंप बन कर रह गये। पार्टी को सबका साथ, सबका प्रयास नहीं मिल पाया। प्रदेश नेतृत्व के पास न तो फैसला लेने की ताकत बची और न ही हौसला। इसका परिणाम यह हुआ कि पार्टी 79 सीटों पर चुनाव लड़ कर 33.37 प्रतिशत वोट तो ले आयी, लेकिन उसे केवल 25 सीटें मिलीं और वह सत्ता से बाहर हो गयी। जबकि पूरे चुनाव के दौरान 65 पार का नारा दिया गया था।

### झारखंड भाजपा को सबका साथ, सबका प्रयास की जरूरत

सतही तौर पर भाजपा की चुनावी रणनीति तो बेहद ठोस दिखती है, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और हो जाती है। झारखंड भाजपा मोदी-शाह के बाहरी आवरण में बंधे होने के कारण एक तो दिखाई देती है, लेकिन अंदर ही अंदर पार्टी कई खेमों में बंटी नजर आती रही है। अगर झारखंड में भाजपा की गाड़ी को फिर से पटरी पर लानी है, तो प्रदेश के नेताओं में नयी ऊर्जा का संचार करना होगा। उन्हें पहली कतार में लाकर जनता के सामने प्रस्तुत करना होगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूरी मेहनत से एक जमीन तैयार की है, लेकिन उस जमीन पर गाड़ी दौड़ाने की जिम्मेवारी सामूहिक रूप से सबको लेनी होगी। यहां भाजपा को सबका साथ सबका, प्रयास वाले मोड में आना होगा। ऐसा नहीं है कि पार्टी राजनीतिक मोर्चे पर सक्रिय नहीं रही है।

विधानसभा के भीतर पार्टी ने विपक्ष की भूमिका शानदार तरीके से निभायी है, लेकिन आसन्न चुनावों को देखते हुए पार्टी के भीतर ह्यकुछह्ण सुधारने की जरूरत विभिन्न स्तरों पर महसूस की जा रही है। जब तक हर चेहरा इस भाव से मैदान में नहीं उतरेगा कि यस वी कैन, तब तक चुनावी राह आसान नहीं होगी। सबका एक होना होगा। एकजुटता के साथ सामूहिक ताकत लगानी होगी। पार्टी की मजबूती के लिए सबका साथ, सबका प्रयास जरूरी है।

---

# सीएम हेमंत सोरेन ने बांटा नियुक्ति पत्र

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मुंबई में बननेवाले झारखंड भवन का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन से 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र का वितरण किया। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा स्वास्थ्य के हर क्षेत्र में एक नयी कड़ी जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सीएम ने आशा जतायी कि सभी चयनित चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने का काम करेंगे।

**महिला और पुरुष दोनों निभायें अहम भूमिका :** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि लिस्ट में महिला और पुरुष दोनों की ही सहभागिता है। सीएम ने कहा कि नर्सिंग इंस्टीट्यूट में महिला के साथ पुरुष भी स्वास्थ्य व्यवस्था में अहम भूमिका निभायें। सीएम ने कहा, स्वास्थ्य व्यवस्था सिर्फ बड़ी-बड़ी इमारतों के बनने से मजबूत नहीं होगी। अस्पताल में दवाइयां और नर्सिंग स्टाफ भी बेहद जरूरी है। सीएम ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही विश्व स्तरीय अस्पताल की आधारशिला रखी गयी। इसमें प्राइवेट कंपनियों को भी जोड़ा गया।



### एयर एंबुलेंस से दूसरे राज्यों में भी इलाज के लिए जा सकते हैं

सीएम ने कहा कि राज्य के आमजनों के लिए सरकार ने एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की है। ये एंबुलेंस ना सिर्फ राज्य के अंदर, बल्कि दूसरे राज्यों में एयर एंबुलेंस के जरिये जा सकते हैं। कई माध्यमों से हमारी सरकार ने लोगों की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने की कोशिश की है।

### मुंबई स्थित झारखंड भवन का किया शिलान्यास

सीएम हेमंत सोरेन ने नवी मुंबई में बन रहे झारखंड भवन का शिलान्यास किया। अगर इस भवन की खासियत की बात करें तो यह सात मंजिला इमारत होगी, जिसमें 28 हजार स्क्वायर फीट स्पेस होगा। सीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तीसरे और चौथे फ्लोर में आर्थिक रूप से कमजोर इलाज के लिए मुंबई जाने वाले लोगों की व्यवस्था होगी।

### हजारीबाग में सब-स्टेशन का किया शिलान्यास

सीएम हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में विद्युत आपूर्ति के लिए ग्रीड सब स्टेशन का शिलान्यास किया। सीएम ने कहा कि इससे हमारी बिजली के मामले में डीवीसी पर निर्भरता कम होगी।

# भाजपा सांसद कालीचरण सिंह से रिम्स में मिले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ली स्वास्थ्य की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को रिम्स पहुंचे। वहां उन्होंने कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट में इलाजरत चतरा सांसद कालीचरण सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती गुवा गोलीकांड के शहीद वंशज (पश्चिमी सिंहभूम जिले के नुवामुंडी निवासी) दुरगुरिया सिरका के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली तथा उनसे बातचीत कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने सांसद कालीचरण सिंह एवं शहीद वंशज दुरगुरिया सिरका के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।



### डॉक्टरों को सीएम ने दिया निर्देश

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इलाजरत अन्य मरीजों से भी मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। कहा कि रिम्स प्रबंधन पूरी तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने उपस्थित चिकित्सकों को सभी मरीजों का बेहतर इलाज एवं जरूरी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# परिश्रम की पराकाष्ठा से कार्य करें कार्यकर्ता : शिवराज

■ चुनाव प्रबंधन जीत की कुंजी है : बाबूलाल मरांडी
■ अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें : सुनील कुमार सिंह
■ विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सोमवार को विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय मंत्री एवं विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, चुनाव प्रबंध समिति के संयोजक पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह, सह संयोजक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, विधायक बिरंची नारायण, सीमा शर्मा सहित समिति ने शामिल कार्यकर्ता उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा नेतृत्व की सरकार बनाने के लिए तैयार है। चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता को जनभावनाओं को धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि हम परिश्रम की पराकाष्ठा और प्रयत्नों की परिसीमा करें। कहा कि हमें अब चुनाव तक पूर्णकालिक कार्यकर्ता बनकर कार्य करना है। हम अपने में चुनाव जीतने की तड़प पैदा करें।




**जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही : बाबूलाल**

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चुनाव प्रबंधन ही चुनाव में जीत की कुंजी है। प्रबंधन समिति पूर्ण योजना और पूर्व योजना पर कार्य करेगी तो सफलता हमारी झोली में होगी। उन्होंने कहा कि विभिन्न पर्व त्योहारों के बीच अब कार्यकर्ताओं के लिए एक ही पर्व है वह है चुनाव पर्व। उन्होंने कहा कि चुनाव अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित करके हमसब परिणाम को अनुकूल और सुखद बना सकते हैं। आज जनता भाजपा की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।

प्रबंधन समिति के संयोजक एवं पूर्व सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि प्रबंध समिति के कार्यकर्ताओं को अधिकार भाव से नहीं बल्कि उत्तरदायित्व भाव से कार्य करना है। पार्टी ने बड़ी जिम्मेवारी इस समिति को दी है। कहा कि हम सब अपना श्रेष्ठ पार्टी को दें तथा समन्वय के साथ जीत को सुनिश्चित करने में जुट जायें। उन्होंने कहा कि प्रबंध समिति के 29 विभागों का एक ही लक्ष्य है विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार। श्री सिंह ने मीडिया बंधुओं से भी सकारात्मक सहयोग का अनुरोध किया। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने किया। इस मौके पर पदाधिकारियों का स्वागत योगेंद्र प्रताप सिंह, अमरदीप यादव, चंद्रप्रकाश, नीरज सिंह आदि ने किया।

# राज्यसभा चुनाव हॉर्स ट्रेडिंग: सीडी की सीबीआइ जांच के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार 2016 में हुए राज्यसभा चुनाव से जुड़े हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सीडी की जांच सीबीआइ से कराने के हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जायेगी। सोमवार को हाइकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान अदालत के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एसएलपी दाखिल करने के लिए अदालत से समय मांगा। इस मामले में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के सलाहकार अजय कुमार की भूमिका बताते हुए रांची के जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाय गयी थी। आरोपों के मुताबिक, तत्कालीन राज्यसभा प्रत्याशी मुख्तार अब्बास नकवी और महेश पोद्दार के पक्ष में मतदान के लिए विधायक निर्मला देवी को प्रलोभन दिया गया था। वर्ष 2016 में बाबूलाल मरांडी ने एक ऑडियो टेप जारी किया था। ऑडियो टेप में वर्तमान डीजीपी अनुराग गुप्ता, तत्कालीन विधायक निर्मला देवी और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव की बातचीत सामने आयी थी। उस ऑडियो की सीडी की सीबीआइ जांच का आदेश हाइकोर्ट ने दिया था।

15 अक्टूबर, 2024
आश्विन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 353

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### खड़गे पर लगा वक्फ संपति हड़पने का आरोप

नयी दिल्ली । वक्फ बिल पर बनी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) की सोमवार को हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर वक्फ संपति कब्जाने का आरोप लगा। इससे नाराज विपक्षी दलों के सांसदों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। साथ ही स्पीकर को चिट्ठी लिखकर कमेटी के चेयरपर्सन जगदंबिका पाल को हटाने की मांग की। स्पीकर से मिलने का समय भी मांगा। विपक्षी सांसदों का आरोप है कि कमेटी की कार्यवाही तय नियम के हिसाब से नहीं हो रही है। कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन के पूर्व चेयरपर्सन अनवर मणिप्पाडी ने एक प्रेजेंटेशन दी, लेकिन यह बिल से जुड़ी न होकर कर्नाटक सरकार और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को बदनाम करने के लिए थी। अनवर ने अपने प्रेजेंटेशन में खड़गे पर वक्फ संपति हड़पने का आरोप लगाया, जिसका विपक्षी सांसदों ने विरोध किया।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 करने पर कैबिनेट की मुहर

## दिसंबर महीने की किस्त से बढ़ी हुई राशि मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि बढ़ा दी है। दिसंबर महीने की किस्त से 1000 की जगह 2500 रुपये लाभुकों के खाते में जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी।

इसके अलावा नेतरहाट की तर्ज पर बोकारो में आवासीय विद्यालय बनाने, वाल्मिकी छात्र योजना लागू करने समेत कुल 28 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी।

**56 लाख लाभुकों को मिलेगा लाभः** मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार अभी 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह दे रही है। इस योजना का लाभ 56 लाख लाभुकों को मिलेगा। अभी तक 48 लाख से अधिक महिलाओं इसका लाभ उठा रही हैं। सरकार तीन किस्त दे चुकी है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार पांचवीं किस्त यानी दिसंबर से 2500 रुपये दिये जायेंगे।

**महाविद्यालय और पॉलिटेक्निक खोलने की मंजूरी:** कैबिनेट ने महागामा, बहरागोड़ा में महिला महाविद्यालय खोलने, पोटका में राजकीय पॉलीटेकनिक बनाने समेत शिक्षा से जुड़ी कई अन्य योजनाओं को मंजूरी दी। वहीं, अन्यान्य में असम के चाय बागान में ले जाये गये राज्य के 15 लाख झारखंडी आदिवासियों के लिए झारखंड सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के गठन का प्रस्ताव पारित किया। प्रतिनिधिमंडल आदिवासी कल्याण मंत्री की अगुवाई में असम जायेगा।







### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- नेतरहाट के विकास कार्यों हेतु 43 करोड़ की मंजूरी
- नेतरहाट की तर्ज पर बोकारो में बनेगा आवासीय विद्यालय
- ज्ञानोदय योजना के तहत आठ जिलों में विज्ञान प्रयोगशाला का होगा निर्माण
- वाल्मिकी छात्र योजना होगी राज्य में लागू
- पारा शिक्षकों, सहायक अध्यापक सहित अन्य कर्मचारियों को मिलेगी कर्मचारी भविष्य निधि की सुविधा
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना की नियमावली में संशोधन
- महागामा के ठाकुर गगंती में डिग्री महाविद्यालय का होगा निर्माण
- बहरागोड़ा में महिला महाविद्यालय खुलेगा
- रिनपास निदेशक नियुक्ति और सेवाशर्त नियमावली में संशोधन
- पोटका में बनेगा राजकीय पॉलीटेकनिक
- रांची विश्वविद्यालय एवं अंगीभूत कॉलेजों में नेट उत्तीर्ण शिक्षकों को कक्षा आधारित नियुक्त करने के संबंध में स्वीकृति।
- राजकीय अभियंत्रण कॉलेज जमशेदपुर के प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु 214 करोड़ की स्वीकृति।

### सरकार घोषणा पर नहीं, काम पर विश्वास करती है : हेमंत सोरेन

रांची (आजाद सिपाही)। कैबिनेट की बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत में उनकी सरकार घोषणाओं पर विश्वास नहीं करती। काम करने और फैसला लेने पर विश्वास करती है। यही कारण है कि मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 रुपये से बढ़ा कर 2500 रुपये करने का फैसला लिया गया है। भाजपा की ओर से सत्ता में वापसी को लेकर किये जा रहे दावे पर हेमंत सोरेन ने कहा कि अब राज्य में विपक्ष का ख्याली पुलाव पकने वाला नहीं है।

# चुनाव घोषणा के 24 घंटे में भाजपा उम्मीदवारों की सूची करेगी जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

- 98% सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिये जायेंगे
- जदयू के खाते में जायेगी दो सीट
- आजसू को मिल सकती है 9 से 11 सीटें
- लोजपा से सीट पर बातचीत 16 के बाद

**रांची।** भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा जल्द ही कर देगी। चुनाव आयोग जैसे ही झारखंड के लिए तिथि की घोषणा करेगा, उसके 24 घंटे के भीतर भाजपा अपने हिस्से की 98% सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर देगी। यह संकेत असम के मुख्यमंत्री और झारखंड चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने सोमवार को दिया। इससे पहले पूर्व विधायक सुकर रविदास और उनकी पुत्री तथा कांग्रेस की नेत्री रही डॉ मंजू देवी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और असम के सीएम सह प्रदेश भाजपा के विधानसभा सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने दोनों का पार्टी में स्वागत किया। मौके पर हिमंता ने कहा कि सालों पहले पार्टी छोड़ कर गये लोगों का तन, मन भाजपा के साथ ही बना रहा। आगे बढ़ते समय राह में और भी नये साथी मिल रहे हैं।

**एनडीए गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ेगाः** हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में एनडीए गठबंधन अपने सहयोगियों के साथ पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगा। आजसू पार्टी के साथ बस एक सीट के लिए बात फाइनल होनी बाकी है। संभव है कि उसे 11 या फिर 9 सीट मिले। इसके अलावा जदयू को दो सीट मिल सकती है। वैसे केंद्रीय नेतृत्व और कुछ करे तो अलग बात है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की लोजपा के लिए सीटों पर बातचीत जल्द तय होगी। वे अभी विदेश में हैं और 16 अक्टूबर को लौटने पर यह सब हो जायेगा। हिमंता ने यह भी बताया कि चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक हुई है। भाजपा अपने कैंडिडेट की घोषणा जल्द ही कर देगी। चुनाव आयोग जैसे ही झारखंड के लिए आज या कल, जब भी इलेक्शन का डेट एनाउंस करेगा, उसके 24 से 28 घंटे के भीतर भाजपा अपने हिस्से की 98% सीटों के लिए कैंडिडेट का नाम घोषित कर देगी। चंदनक्यारी सीट के एक सवाल पर हिमंता ने साफ कहा कि यह सीट भाजपा के हिस्से की ही रहेगी। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सुकर रविदास, आरती कुजूर सहित अन्य भी उपस्थित थे।



### बकाया पर सरकार अपना एकाउंट दिखाये

हेमंत सोरेन सरकार द्वारा एक लाख 36 हजार करोड़ केंद्र पर झारखंड के बकाया होने के सवाल पर हिमंता ने कहा कि वे इसे सुप्रीम कोर्ट को समझायें। राज्य में कोयला, बालू की चोरी हो रही है। इसका पैसा कहां जा रहा। सरकार अपना एकाउंट दिखाये। झारखंड में दुर्गा पूजा के आयोजन, प्रतिमा विसर्जन पर विवाद के सवाल पर कहा कि असम में 40% आबादी मुस्लिमों की है। सरकार ने वहां ऐसी व्यवस्था कर रखी है कि वे सभी त्योहारों का सम्मान करते हैं। यहां भाजपा की सरकार बनने पर एक साल के अंदर ही सभी मुस्लिम रामनवमी, दशहरा में भाईचारा निभाते दिखेंगे। इसका फॉर्मूला पार्टी को पता है।

### चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक

इससे पूर्व सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता एवं केंद्रीय मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री एवं चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा की उपस्थिति में प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई।

## रांची से चाइबासा तक इडी की दबिश

# मंत्री के भाई-पीएस, आइएएस अधिकारी समेत 20 जगह रेड

आजाद सिपाही संवाददाता

- जल जीवन मिशन में कथित घोटाले से जुड़ा है मामला
- कई इंजीनीयरों के यहां भी पहुंची इडी की टीम
- सारे दिन कागजात को खंगाला जब्त किये कई दस्तावेज

**रांची/चाइबासा।** झारखंड में चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने एक बार फिर दबिश बढ़ा दी है। यह दबिश जल जीवन मिशन से जुड़े तथाकथित घोटाले से संबंधित बताया जा रहा है। सोमवार को इडी की टीम रांची से चाइबासा तक एक साथ 20 जगहों पर पहुंची। इडी ने मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई और पीएस, आइएएस मनीष रंजन और उनकी बहन समेत कई इंजीनीयरों के घरों पर रेड डाली। उनके यहां इडी ने सारे कागजात समेत अन्य समानों को खंगाला। इस क्रम में संदिग्ध दस्तावेजों को जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी की टीम अहले सुबह हेमंत सोरेन सरकार के पेयजल और स्वच्छता विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, पीएस हरेंद्र सिंह, आइएएस मनीष रंजन और उनके रिश्तेदार और बिल्डर, कारोबारी और इंजीनियरों के यहां पहुंची। रांची में मोरहाबादी के हरिहर सिंह रोड, रातू रोड में इंद्रपुरी और चाइबासा में मधु बाजार और अमला टोला इलाके में छापेमारी हुई। चाइबासा के निवासी वेदांत खिरवाल नामक कारोबारी के आवास पर भी छापेमारी हुई। रांची के इंद्रपुरी में भी एक कारोबारी के घर पर छापेमारी हुई है। वहीं, इडी संतोष रंजन के घर पहुंची है। उन्हें 23 करोड़ की अवैध निकासी के मामले में पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किया था। संतोष रंजन पेयजल विभाग में अनुबंधकर्मी के तौर पर कार्यरत था। इडी की टीम संतोष से जेल के अंदर भी पूर्व में पुछताछ कर चुकी है। चर्चा है कि इसी मामले को आधार बना कर इडी छापेमारी कर रही है।



### जिन-जिन लोगों के ठिकानों पर इडी ने दबिश दी

- हरेंद्र कुमार : 56 सेट डोरंडा, क्वार्टर नंबर 118/24 ।
- विनय कुमार ठाकुर (मंत्री के भाई) टोला, एक्सिस बैंक के पास, चाइबासा अमला।
- आइएएस मनीष रंजन के जवाहर नगर कांके, उनकी बहन के आवासः हरिहर सिंह रोड स्थित शिवेश्वरी इंक्लेव ब्लाक-बी।
- निरंजन कुमार (क्षेत्रीय मुख्य अभियंता): बंसल प्लाजा, फ्लैट नंबर इ-402, ओल्ड हजारीबाग।
- प्रभात कुमार सिंह (मुख्य अभियंता, सीडीओ) : रातू रोड स्थित सरकारी आवासः
- चंद्रशेखर (कार्यपालक अभियंता) चंद्र कला आपार्टमेंट, फ्लैट नंबर 301, विकास नगर, रोड नंबर-2, हेसाग, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, सहजानंद चौक के पास।
- राधे श्याम रवि (कार्यपालक अभियंता) : सुंडिल, कमड़े, रातू।
- रघुनंदन प्रसाद शर्मा (पूर्व मुख्य अभियंता) : विजया गार्डन, बारिडीह कॉलोनी, जमशेदपुर।
- विजय अग्रवाल : रातू रोड, रांची।
- संतोष कुमार (निलंबित रोकड़पाल) : जग्गी कंपाउंड, गोसाईं टैंक रोड, अपर चुटिया।
- मनोज कुमार : ग्रीन व्यू हाइट्स, डी-1002, लालू खटाल रोड, बरियातू।
- संजय कुमार सिंह, बोधराज इंक्लेव, फ्लैट नंबर इ-1, अनंतपुर, डोरंडा रांची।
- सुनील कुमार सिन्हा : सार्थक रिजेंसी, फ्लैट नंबर एचडी 308, पीस रोड, बीआइटी एक्सटेंशन के पीछे।
- मानस कुमार : खेमका रिजेंसी, फ्लैट नंबर 4बी, ब्लॉक-ए, कांके रोड रांची।
- विभोर सिंघानियां कंचन विला आपार्टमेंड, फ्लैट नंबर 4ए, कांके रोड, लेक एवेन्यू, रिलायंस मार्ट के पास
- वेदांत खिरवाल : सदर बाजार चाइबासा

### यह छापा अप्रत्याशित नहीं, चुनाव आ गया है: हेमंत सोरेन



रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इडी छापा पर कहा कि यह कोई अप्रत्याशित नहीं है। चुनाव आ गया है। विपक्षी पार्टी के लोग लग गये हैं। मुख्यमंत्री छापे पर मीडिया द्वारा पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी के जो सक्रिय कार्यकर्ता हैं, वे चुनाव को देखते हुए पूरी ताकत के साथ उतर गये हैं।


### जल जीवन मिशन में धांधली: हिमंता



रांची। झारखंड में इडी की रेड पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि जिनके घर में 300 करोड़ रखे होते हैं, इडी, सीबीआइ वहां जायेगी ही। इसमें भाजपा का कहीं रोल नहीं। राज्य में जल जीवन मिशन में धांधली की शिकायत है। अगर इसमें ऐसा नहीं होता तो मिथिलेश भाजपा में आ जाते। अगर इडी, सीबीआइ किसी के घर रखे करोड़ों रुपये का पता लगा कर ले आती है और उसे गरीबों में बांट देती है तो इसमें गुनाह क्या है।

### इडी की नहीं, बल्कि राजनीतिक रेड है: मिथिलेश ठाकुर

रांची। पेजयल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा है कि यह इडी की रेड नहीं, बल्कि राजनीतिक रेड है। निशाना कहां है यह समझा जा सकता है। ऐसी कार्रवाई को लेकर यूज टू हो गये हैं। जब ये लोग जनता की अदालत में फेल हो गये तो इस तरह से केंद्रीय एजेंसियों को लगाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि उन पर भाजपा में शामिल होने के लिए लंबे समय से दबाव चल रहा है। उन्होंने कहा कि फांसी पर चढ़ जाऊंगा। दबाव की राजनीति नहीं करूंगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW





रामलला दुर्गा पूजा समिति एचइसी की सदस्य और भाजपा नेत्री नीलम चौधरी के साथ मां दुर्गा के समक्ष सिंदूर खेला करती स्थानीय महिलाएं।

## सुजीत कुमार को लेकर बाबूलाल का सीएम हेमंत से सवाल

# सात दिनों से बगैर कानूनी प्रक्रिया के पुलिस हिरासत में क्यों रखा है?

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से एडवोकेट सुजीत कुमार के मामले में जवाब मांगा है। बाबूलाल के मुताबिक वकील सुजीत झारखंड में जमीन घोटाले से जुड़े हुए हैं। इसके अलावा जमीन कारोबारी संजीव पांडेय और कुछ अंचल अधिकारियों के संदर्भ में भी सीएम से उनके कुछ सवाल हैं। एक्स पर पोस्ट कर बाबूलाल ने सीएम से पूछा है कि सुजीत कुमार को पिछले सात दिनों से बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के रांची पुलिस ने हिरासत में क्यों रखा है और क्या मामले को दबाने की कोशिश हो रही है? अगर यह सच नहीं है, तो जब उन्होंने कुछ दिन पहले यह सवाल उठाया था, तो रांची पुलिस की ओर से कोई खंडन क्यों नहीं आया?



बाबूलाल के मुताबिक, अब तक की जानकारी के अनुसार, यह सामने आया है कि अंचल अधिकारियों ने करोड़ों रुपये इस दलाल वकील को दिये हैं। तो सवाल उठता है कि अंचल अधिकारियों के पास इतनी बड़ी राशि आयी कहां से? क्या यह उनके द्वारा लगाये गये आरोपों की पुष्टि नहीं करता कि झारखंड में खासकर राजधानी रांची में अरबों रुपये का जमीन घोटाला हुआ है? अगर अंचल अधिकारियों ने केस मैनेज करने के नाम पर करोड़ों रुपये एक दलाल को दिये, तो आपकी सरकार ने अब तक किसी अंचल अधिकारी को गिरफ्तार क्यों नहीं किया? बाबूलाल ने सवाल करते यह भी पूछा है कि क्या वजह है कि रांची पुलिस द्वारा सात दिनों तक मामले को गोल-गोल घुमाने के बाद अब इसे सीआइडी या एसीबी को सौंपने की तैयारी हो रही है, ताकि मामले को आराम से लंबे समय तक लटकाया-भटकाया जा सके? क्या यह सही नहीं है कि इस पूरे मामले को एक नया मोड़ देकर दोषी बेईमान अफसरों को बचा लेने की साजिश रची जा रही है? बाबूलाल ने सीएम की मंशा को लेकर आशंका जाहिर करते कहा है कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं। गृह मंत्रालय उनके पास है। इतने बड़े घोटाले के मामले में सीएम की खामोशी को कैसे समझा जाये? बाबूलाल ने उम्मीद जताते कहा है कि उनके सवालों पर सीएम की स्पष्ट प्रतिक्रिया सामने आयेगी।

## लोकहित अधिकार पार्टी ने विस प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश कोर कमेटी की एक बैठक प्रदेश कार्यालय रांची में संपन्न हुई । बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रधान महासचिव मो अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही एवं प्रदेश मंत्री कुंज बिहारी साव उपस्थित रहे। बैठक में विचारोपरांत विधानसभा प्रत्याशियों को लेकर सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता को अवगत कराया गया। कोर कमेटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की।

(9) राजमहल विधानसभा- नंदलाल साह
(10) चतरा विधानसभा- अशोक कुमार राम
(11) चाइबासा विधानसभा- सुभद्रा सिंकू
(12) बेरमो विधानसभा- मोहन लाल साव

उक्त मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि अभी तक कुल 12 उम्मीदवारों की घोषणाएं हो चुकी हैं। तीसरी सूची जारी करने के लिए कोर कमेटी की बैठक जल्द ही बुलायी जायेगी, जबकि आठ उम्मीदवारों की पहली सूची 29 सितंबर को ही जारी कर दी गयी थी।

# 7 नवंबर को 12 मुर्गों की बलि प्रथा के साथ होगी जतरा पूजा : बिरसा पाहन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बारह पड़हा जतरा पूजा समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में जतरा पूजा की तैयारी को लेकर सोमवार को एक बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मौजा के पाहन बिरसा पाहन ने की और संचालन कृष्णा उरांव ने किया। मौके पर बिरसा मुंडा ने कहा कि इस वर्ष 7 नवंबर को बारह पड़हा जतरा पूजा का आयोजन होगा। जतरा एवं अखड़ा स्थल में पाहन एवं कोटवार के जरिये विधिवत रूप से परंपरागत रीति रिवाज,



विधि-विधान, 12 मुर्गों की बलि प्रथा और धार्मिक कर्मकांड से पूजा-अर्चना होगी। समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव ने कहा कि जतरा पूजा की तैयारी को लेकर 12 गांवों के पाहन के साथ बैठक हुई। इस बार भी रीति-रिवाजों के साथ जतरा पूजा संपन्न होगा। बैठक में मुख्य रूप से पड़हा महतो राजा संदीप उरांव, जयपुर मौजा के पिंकल गाड़ी, भीठा मौजा के सोनू पाहन, कोंगे जयपुर के निर्मल पाहन, रंजीत पाहन, हथिया गोंदा के लाखों उरांव, मतलु कच्छप, पतरा गोंदा के लखन मुंडा, चंदवे के विनोद पाहन, सुजय पाहन, टिकली टोली के डब्लू मुंडा, गोलु मुंडा, समिति के अध्यक्ष कृष्णा उरांव, सचिव मुकेश लकड़ा, कोषाध्यक्ष ललित लिंडा, संरक्षक देवनारायण उरांव, जगन्नाथ उरांव, मंगा उरांव और सुरेश टोप्पो सहित अन्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मोदी गोल्ड की दो दिनी प्रदर्शनी आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। कैपिटल हिल में मोदी गोल्ड सोने और हीरे की गहनों की आर्ट कैरेट घराने की दो दिनी विशिष्ट प्रदर्शनी सोमवार से शुरू हुई है। मोदी गोल्ड ने आशा कमल मोदी और शीवानी मोदी सोनी द्वारा डिजाइन किये विशिष्ट गहनों का संग्रह है। जो पिछले तीन दशकों से। मोदी गोल्ड 18 कैरेट एवं 22 कैरेट सोना, हीरे एवं जेवरात के साथ सुंदरता से बनायी गयी ज्वेलरी है जो देखने में काफी पुराने जमाने के जेवरों जैसी लगती है। आशा द्वारा बॉलीवुड के 10 से अधिक मशहूर फिल्मों में ज्वेलरी का डिजाइन किया गया है। जिसमें पदमावत, बाजीरवा मस्तानी, रामलीला है। इसके अलावा रानी डायाना, जॉर्डन की महारानी गायत्री देवी एवं यूएइ की राजकुमारी शेख शम्मा के जेवरों की डिजाइन तैयार किया गया है। आशा अपनी पुत्री शिवानी के साथ तीन दशकों से ज्वेलरी का डिजाइन कर रही हैं, जो मोदी गोल्ड के नाम से प्रसिद्ध है। इस प्रदर्शनी में आप उनके उत्कृष्ट सोना, चांदी तथा हीरा के जेवरात के डिजाइन देखेंगे। बाजार में उपलब्ध अधिकांश ज्वेलरी एक ही डिजाइन के बार-बार रूपांतरित कर बनाया जाता है किंतु मोदी गोल्ड में विभिन्न प्राचीन सभ्यताओं में मिलने वाले डिजाइन को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस प्रदर्शनी में उपलब्ध संग्रह में गले का हार, कान की बालियां, ब्रेसटलेट, बाजूबंध, मांगटीका, अंगूठी, नोजपीन उपलब्ध है जो कि 500 से अधिक डिजाइन में है और इनकी कीमत 50000 से 5 लाख तक के जेवरात बहुत ही आकर्षक दरों पर पेश किये जा रहे हैं।

### हर समुदाय, सभी धर्मों का आदर करें : राजेंद्र प्रसाद



रांची (आजाद सिपाही)। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि लोग मानवता धर्म भूलते जा रहे हैं। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि प्रतिमा विसर्जन को लेकर गढ़वा जिला के मदगाड़ी गांव और उत्तर प्रदेश महाराजगंज के बहराइच के अलावा अन्य राज्यों में भी विवाद और पत्थराव और आगजनी हिंसा हुई है, यह घोर निंदनीय है। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। प्रसाद ने कहा कि हर धर्म के लोगों को हर धर्म का सम्मान करना चाहिए। कहा किसी के घर के सामने या मस्जिद और मंदिर के सामने से धार्मिक जुलूस रास्ते से गुजरने से किसी धर्म का कोई अपमान नहीं होता है। इस बात को शिक्षाविद्यों और बुद्धिजीवियों को अपने-अपने समाज के लोगों को समझाना पड़ेगा और गुनहगारों के विरुद्ध खड़ा होना होगा। भाई चारा और आपसी समरसता को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### एचइसी को हर हाल में बचाना है: अजयनाथ शाहदेव



रांची (आजाद सिपाही)। पिछले दस महीनों से लगातार संघर्षरत एचइसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में सोमवार को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए। अजय नाथ शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं। यह बेहद दुखद है कि पर्व त्योहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है। 1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भुखमरी के कगार पर हैं। उन्होंने मौके पर एचइसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता की है। पिछले दिनों एचइसी प्रबंधन द्वारा बगैर साइन किये गये एकतरफा सुलह पत्र को वायरल करने और समाचार में प्रकाशित होने पर सभी आंदोलनरत कर्मी खफा थे। उन्होंने एचइसी प्रबंधन से कहा है कि अपनी हठ छोड़ें और एचइसी को बचाने व मजदूर हित में यथाशीघ्र मामले का समाधान करें। मौके पर मजदूर नेता रंथू लोहार, दिलीप सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में एचइसी कर्मी उपस्थित थे।

### अजय राय ने वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने की मांग की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड अभिभावक संघ ने निजी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने की मांग की। अध्यक्ष अजय राय ने राज्य के सभी निजी स्कूलों से जिला वार मिलकर वार्षिक परीक्षा कैलेंडर जारी करने का आग्रह किया है, ताकि छात्रों और अभिभावकों को सत्र के दौरान समानता और सुविधा हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, अलग-अलग स्कूलों में कई तरह की छुट्टियां होती हैं, जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों के लिए समय देने में परेशानी होती है। परीक्षा कैलेंडर जारी करने से इस समस्या का समाधान होगा।

### जावेद हबीब ने किया फ्रेंचाइजी मीट का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। भारत की सैलून चेन की अग्रणी सूची में शामिल जावेद हबीब सैलून ने मेन रोड स्थित होटल रेडिशन ब्लू में सोमवार को फ्रेंचाइजी मीट का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पूरे झारखंड के जावेद हबीब सैलून एवं अकेडमी के फ्रेंचाइजी संचालकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थित हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने सभी फ्रेंचाइजी संचालकों के साथ नवीनतम रुझानों और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह फ्रेंचाइजी मीट नये अवसरों पर चर्चा करने और ब्रांड के विकास का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया गया है। स्वतंत्र और टिकाऊ व्यावसायिक अवसरों की पेशकश के लिए हमारे निरंतर विस्तार और प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में यह फ्रेंचाइजी मीट ज्ञान-साझाकरण, व्यवसाय विकास और भविष्य के लिए रणनीतिक योजना के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी। मास्टर फ्रेंचाइजी बिहार-झारखंड अरविंद कुमार ने बताया कि जावेद हबीब भारत में वेलनेस फैलाने वाले प्रमुख हेयर एंड ब्यूटी सैलून में से एक है। कंपनी के पूरे भारत में एक हजार से अधिक सैलून हैं। कंपनी झारखंड में पैशनेट पार्टनर्स को आमंत्रित कर रही है ताकि वो इस सैलून से जुड़कर इसका लाभ उठा सकें।

# शहीद देवेंद्र मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शहीद देवेंद्र मांझी की पुण्यतिथि पर डोरंडा स्थित शहीद देवेंद्र मांझी की प्रतिमा पर झारखंड आंदोलनकारी महासभा, आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच एवं शहीद देवेंद्र मांझी फाउंडेशन के तत्वावधान में माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महासभा के अध्यक्ष राजू महतो एवं आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक एवं शहीद देवेंद्र मांझी फाउंडेशन के सचिव प्रवीण केरकेट्टा के नेतृत्व में किया गया। राजू महतो ने कहा कि शहीदों के श्रृंखलाओं में शहीद देवेंद्र मांझी का नाम सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य निर्माण के 24 वर्ष बाद आदिवासी मूलवासी जनता की भावना के अनुरूप एवं शहीद देवेंद्र मांझी के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है और ना



ही अलग राज्य निर्माण के इस महान सपूत को अभी तक शहीद का दर्जा नहीं दिया जाना अत्यंत शर्मनाक है। श्री महतो ने सरकार से मांग की है शहीद देवेंद्र मांझी को सरकारी स्तर से शहीद का दर्जा अविलंब दिया जाये एवं उनकी प्रतिमा स्थापित किया जाये। इस मौके पर विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड में आदिवासी मूलवासी जनता के सपनों का झारखंड बनाने के लिए हम सब कृत संकल्प हैं और यही शहीद देवेंद्र मांझी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आने वाले दिनों में आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच की ओर से एक भव्य आदमकद प्रतिमा देवेंद्र मांझी चौक में लगाया जायेगा। सचिव परवीन केरकेट्टा ने कहा कि शहीद देवेंद्र मांझी के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलना होगा। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा, गुमड़ा उरांव, विधु उरांव, विजय उरांव, ढूंढे प्रधान, गगन महतो, संजू राणा मुंडा, यासीन अंसारी, सुनील कुमार, राणा जफर अली शामिल हुए।

# एक साल बाद भी इंसाफ नहीं मिला है प्रीति श्रीवास्तव के परिवार को

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टायर व्यवसायी गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव को 11 दिसंबर 2023 की रात रांची के रातू रोड इलाके में गोली मारी गयी थी। उन्हें सीने और पेट में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें तुरंत रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, गोली निकालने के बाद भी संक्रमण के चलते उनकी हालत बिगड़ गयी और चार दिन के बाद उनकी मृत्यु हो गयी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस खुलासा नहीं हुआ है। मामले में अभी भी कार्रवाई और जांच जारी है।



गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव की पत्नी प्रीति श्रीवास्तव, अपने पति की हत्या के बाद बेहद परेशान हैं। उन्होंने पुलिस में एफआइआर दर्ज करायी थी, लेकिन अब तक अपराधियों का कोई सुराग नहीं मिला है। उनके पति की मृत्यु ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है और वे न्याय की मांग कर रही हैं। अब तक सरकार से कोई आधिकारिक राहत पैकेज गोपाल श्रीवास्तव के परिवार को नहीं मिला है। उनकी पत्नी प्रीति श्रीवास्तव इस त्रासदी के बाद गहरे सदमे में हैं और न्याय तथा सहायता की उम्मीद कर रही हैं। ऐसे मामलों में पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के लिए सरकार से गुहार लगा रही है गोपाल श्रीवास्तव की पत्नी, प्रीति श्रीवास्तव, लगातार मीडिया के सामने और मीडिया के लोगों से जाकर बात कर रही हैं और सुखदेव नगर के थाना और कोतवाली थाना का चक्कर लगा कर इंसाफ की गुहार लगा रही हैं। वह अपने पति की हत्या के मामले में न्याय चाहती हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका संघर्ष यह दर्शाता है कि वे प्रशासन और न्यायिक प्रणाली से अपने पति के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रही हैं। इस समय उनका परिवार न्याय की प्रतीक्षा में है और वे सरकार और न्यायपालिका से उम्मीद लगाये हुए हैं।

# श्री श्याम प्रभु को अर्पित किया गया खीर और चूरमा का भोग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान रमेश सारस्वत अपने पूरे परिवार के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किये।

सर्व प्रथम मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं सारस्वत परिवार द्वार गणेश पूजन कर मंदिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग



अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय-लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। द्वादशी के दिन श्री श्याम प्रभु का प्रिय भोग खीर चूरमा को लेने भक्तगण कतारबद्ध होकर प्राप्त कर रहे थे साथ ही श्री श्याम मंडल के कार्यकर्ता आये हुए भक्तजनों को ठंडा शुद्ध पेय जल का वितरण कर रहे थे तथा उनके चरण पादुका को रखने की उत्तम व्यवस्था बना हुआ था। खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मंदिर में ही निर्मित किया गया तथा 250 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, राकेश सारस्वत, महेश सारस्वत, मधुसूदन सारस्वत, केशव सारस्वत, माधव सारस्वत अरुण धनुका, प्रमोद बगड़िया, बिनोद सारस्वत, अजय साबू, विवेक ढांढनीयां, का सहयोग रहा।

# राज्य में 108 एंबुलेंस सेवा दूसरे दिन भी ठप कर्मचारियों ने घेरा स्वास्थ्य मंत्री का आवास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एंबुलेंस सेवा दूसरे दिन भी ठप रहा। एंबुलेंस ठप हो जाने से मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एंबुलेंस कर्मचारी वेतन भुगतान न होने से नाराज हैं और हड़ताल पर चले गए हैं। इससे राज्य में संचालित करीब 500 एंबुलेंस का परिचालन बंद हो गया है। सोमवार को सैकड़ों कर्मचारियों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के मोरहाबादी स्थित आवास का घेराव किया। कर्मचारियों का कहना है कि जब पुरानी कंपनी मेसर्स जिकित्जा हेल्थ केयर लिमिटेड की जगह पर सिकंदराबाद की कंपनी इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज काम कर रही थी। निविदा समाप्त होने पर मेसर्स जिकित्जा ने दो



महीने का वेतन नहीं दिया है। वहीं इएमआरआइ ग्रीन हेल्थ सर्विसेज की भी निविदा समाप्त होने पर नयी एजेंसी मेसर्स सम्मान फाउंडेशन को काम सौंपा गया है। कर्मचारियों को भय है कि एजेंसी के बदलने के बाद सितंबर माह का वेतन भी लंबित नहीं हो जाये। वहीं उनका कहना है कि उन्हें पीएफ की सुविधा भी नहीं मिलती है। काम करने का कोई समय नहीं है, 12 घंटे की ड्यूटी होने के बावजूद उन्हें अधिक समय तक काम करना पड़ता है। वहीं कर्मचारी स्थाई करने की भी मांग कर रहे हैं। उनका कहना है, जब तक उनकी मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। बता दें कि राज्य में इस एजेंसी से करीब 1500 कर्मचारी जुड़े हुए हैं। शनिवार को ही एजेंसी से जुड़े कर्मचारियों ने काम प्रभावित करना शुरू कर दिया था। लेकिन इसका असर रविवार से पड़ने लगा। वहीं इएमआरआइ ग्रीन का 40 करोड़ रुपये भी बकाया है। जिसके भुगतान के लिए स्वास्थ्य विभाग से लगातार पत्राचार चल रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.1 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.24 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.45 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# गठबंधन के तहत 81 विस क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव: हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को हरमू स्थित सोहराई भवन में सोमवार को दिन के 11 बजे से देर शाम 7:30 बजे तक चली। इस मैराथन बैठक में सभी विधायक, सांसद, नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सुबह से शाम तक हुई कई पाली में मंथन का दौर जारी रहा। संध्या 6.15 बजे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में शरीक होने के लिए सोहराई भवन पहुंचे। उनके पहुंचते ही सभी नेता-कार्यकर्ताओं में एक अलग ही जोश आ गया। सुबह से शाम तक चली बैठक का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने पहले बंद कमरे में आकलन लिया। दिनभर के मंथन के बाद शाम में जीत का खाका उपस्थित पार्टी समूह के बीच मुख्यमंत्री ने खींचा। जिससे जुटे मजमे में अलग ही खुशी की झलक देखने को मिली। बैठक के




बाद बाहर निकलते समय सभी के चेहले खिले नजर आये।

उसके बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आगामी विधानसभा 2024 के चुनाव की तैयारी बैठक सोहराई भवन में सुबह से शाम तक हुई। यह बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की थी। इस बैठक में सभी लोग शरीक हुए। आगामी विधानसभा चुनाव की उत्तम तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। झामुमो की केंद्रीय समिति का मैं भी सदस्य हूं। इसलिए बैठक में शरीक हूं, और अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं। यह साल चुनाव का साल है, सीट शेयरिंग के प्रश्न के जवाब में हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गठबंधन की सरकार है, इसलिए हम समस्त 81 विधानसभा सीट से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे।

### बीजेपी जुमले करती है और हम करके दिखाते हैं : सरफराज

राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। झामुमो की केंद्रीय कमेटी की बैठक सुबह से शाम तक हुई, इसका फलाफल निकाल कर निर्णय लिया जायेगा। हमारी सरकार ने कार्य पूरे किये हैं। बीजेपी की तरह हम जनता को बहलाते नहीं हैं। मंईयां योजना ठीक चुनाव के समय शुरू करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी को योजना के तहत अधिकार दे रही है, लेकिन महिलाओं को नहीं मिल रहा था, इस पर गौर किया गया और 18 से 49 वर्ष की लड़कियों और महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ दिया जा रहा है। बीजेपी की ओर से भी तो गोगो दीदी योजना महिलाओं के लिए है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि एक योजना का लाभ देना और एक योजना आगे शुरू होगी दोनों में बहुत अंतर है। बीजेपी तो बस जुमले करती है, पहले उनकी सरकार भी तो रही है, तो अब याद आ रहा है, इसे क्या कहा जायेगा।

### ये बैठक थी बहुत खास : विनोद

झामुमो के केंद्रीय महासिचव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से विस्तारिक बैठक सुबह से रात तक हुई। इस बैठक में सारे सांसद, विधायक, नेता, मंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक इसलिए अहम है कि इस बैठक में संगठनात्मक एकता, गठबंधन को और मजबूती प्रदान करने व पार्टी को धारदार बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को ले रणनीति तय करने पर मंथन किया गया।

### चुनाव के लिए हम लोग हैं तैयार : सुदिव्य

गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, चुनाव में कहीं कोई कमियां नहीं हो इसे लेकर झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक हुई। हमारा राज्य स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रहा है। आगे और भी बेहतर कार्य होंगे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी बैठक है : भूषण

गुमला विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि यह आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी बैठक है। चुनाव के लिए हम लोग पूरी तरह से तैयार हो गये हैं। इस बैठक में झामुमो के सांसद, विधायक समेत सारे कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। मंईयां योजना के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि हमारी योजनाओं से बीजेपी के पसीने छूट रहे हैं। इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, दुमका सांसद नलीन सोरेन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, सांसद महुआ माजी, विधायक स्टीफन मरांडी, विधायक सविता महतो, विधायक मंगल कालींदी, विधायक संजीव सरदार समेत सभी जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, झामुमो कार्यकर्ता व नेता बड़ी संख्या में शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | सुख-दुःख की समानता, अनावश्यक चिन्तन की वृद्धि, स्वास्थ्य संबंधी कष्ट। |
| वृष | झंझटों और नाना प्रकार के अवरोधों के कारण किसी भी काम के बनने में शंका होने लगेगी। |
| मिथुन | सामाजिक क्षेत्र में उन्नति तथा मान-सम्मान की प्राप्ति,सेहत अच्छा रहेगा। |
| कर्क | सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन से लाभ मिलेगा। |
| सिंह | सामाजिक-धार्मिक कार्यों की योजना फलीभूत होगी, नौकरी मे लापरवाही से परेशानी हो सकता है। |
| कन्या | नौकरी में उन्नति,कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता,आवश्यक कार्य पूरा होगा। |
| तुला | नई लाभप्रद योजनाओं में रूचि, व्यापार रोजी, रोजगार में उन्नति, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा। |
| वृश्चिक | कर्मक्षेत्र में मान-सम्मान,पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि,संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्ति होगी। |
| धनु | कुछ जरूरी काम-काज के प्रसंग उत्साहित होंगे। प्रभावशाली लोगों के सम्पर्क से विशेष लाभ। |
| मकर | नयी योजनाएं बनेगी,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण,धन-द्रव्य का लाभ होगा। |
| कुंभ | विविध कार्यों में परेशानी,विरोधियों स्वजनों से कष्ट होगा,कठिन परिश्रम से लाभ। |
| मीन | दैनिक समस्याओं का समाधान, विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे, आर्थिक स्थिति में सुधार। |

# 'जलसा' सीजन-2 में महिला उद्यमियों की प्रतिभा दिखेगी

**अग्रसेन भवन में 17-18 अक्टूबर को महिला उद्यमियों के लिए एक पहल का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** फैशन डिजाइनर हनी मीढा सिन्हा द्वारा 17 और 18 अक्टूबर को अपर बाजार स्थित महाराज अग्रसेन भवन में दो दिवसीय 'जलसा' सीजन-2 प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। आयोजनकर्ता हनी मिड्ढा सिन्हा ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनके व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए 'जलसा' सीजन-2 का आयोजन किया जा रहा है। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए यह एक पहल है। हर वर्ग की महिलाएं यहां अपने प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकती है। करवा चौथ, दिवाली के साथ अन्य त्यौहार नजदीक हैं, इसके मद्देनजर महिलाओं से जुड़े हर प्रकार का सामान यहां उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे एक स्थान पर ही खरीदारी कर सके। श्रीमती हनी ने कहा कि झारखंड में उन्होंने कई प्रदर्शनियां देखी थीं। उसके बाद उन्होंने महिलाओं के लिए ऐसा मंच उपलब्ध कराने की ठानी। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण हमारे समाज के विकास का आधार है और उनके नेतृत्व, विशेष रूप से जमीन स्तर पर हमारे समावेशी और दीर्घकालिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को आयोजित हो रहे प्रदर्शनी में महिला परिधान, डिजाइनर कपड़े, जेवर, आर्टिफिशियल गहने, गिफ्ट आइटम, बच्चों से संबंधित वस्तुएं, खिलौने, स्टेशनरी के सामान, फुटवियर, बेड शीट्स, दोहर, दिवाली के सामान, हस्तशिल्प की वस्तुएं, पर्स, होम डेकोर, घर के बने खाखरे, पापड़, मठरी, खिचिया, ऑर्गेनिक दाले, होममेड बेकरी, अचार, पापड़ सहित कई प्रकार के उत्पाद उपलब्ध होंगे। इसके अलावे नये व विशेष उत्पाद किफायती दर पर बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# मोदी सरकार ने रांची को एक और उपहार दिया

## रांची से गोरखपुर के लिए मिली नयी ट्रेन

**केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ का एक और प्रयास हुआ सफल**

**प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के प्रति आभार जताया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के प्रयास से रांची को एक नयी ट्रेन की सौगात मिली है। रांची से गोरखपुर के लिए साप्ताहिक ट्रेन की शुरुआत जो हो रही है। यह साप्ताहिक ट्रेन गोरखपुर के लिए रांची से शुक्रवार को खुलेगी और गोरखपुर से रांची के लिए शनिवार को चलेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। इस नयी



ट्रेन का शुभारंभ मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा ऑनलाइन दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा।

# भाजपा ने किसी राज्य में महिला को 2100 रुपये नहीं दिये : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंईयां सम्मान राशि बढ़ाने पर भाजपा के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि भाजपा ने देश के किसी राज्य में किसी महिला को किसी योजना में 2100 रुपये नहीं दिये और तो और झारखंड में बिना खाता और जानकारी के कोई फर्जी फॉर्म भी भरवा दिया। लोग उस फॉर्म को कमल चिट फंड स्कैम का नाम दे रहे हैं। दूसरी ओर हेमंत सरकार ने लाखों बहनों को रक्षा बंधन, करम पूजा और नवरात्रि में मंईयां सम्मान की तीन किस्त दी। नवंबर में छठ पूजा के दौरान चौथी किस्त भी दी जायेगी और उसके बाद दिसंबर से 2500 रुपये का सम्मान भी देने का काम करेगी हेमंत सरकार करेगी।



उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना को रोकने के लिए भाजपा अब अपना बड़का पीआइएल गैंग गुजरात या असम से ले आना चाहती है तो ले आये। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कार्यकर्ता भी अपनी घर की मां-बहन-बेटी को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिलवाएं और उन्हें सशक्त करें। जब महिलाएं सशक्त होंगी तो किसी पर निर्भर नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में फिर भाजपा के सबसे सक्रिय कार्यकर्ता सक्रिय हो गये हैं। झारखंड में हेमंत सरकार के मंत्रियों को पुनः प्रताड़ित किया जाने लगा है। भाजपा की नजर में हेमंत सरकार का गुनाह क्या है?

### हमने ये किया

- ओबीसी का 27% आरक्षण लागू किया
- एसटी 28%,एससी 12% आरक्षण लागू किया
- सरना धर्म कोड पारित किया
- पत्थलगड़ी आंदोलन मुकदमे वापस किया
- सीएनटी एसपीटी एक्ट लागू किया
- मंईयां सम्मान योजना लागू की
- किसान ऋण माफ किया
- 200 यूनिट बिजली निःशुल्क
- बिजली बिल माफ किया।

# झारखंड प्रशासनिक सेवा के 19 पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के 19 पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रतीक्षारत रवि शंकर विद्यार्थी को संयुक्त सचिव कृषि एवं पशुपालन विभाग में पदस्थापित किया गया है। मंजू रानी को संयुक्त सचिव भू राजस्व विभाग भेजा गया है। पवन कुमार को संयुक्त सचिव महिला बाल विकास विभाग में पदस्थापित किया गया है। रतन कुमार को निदेशक लेखा प्रशासन पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। हीरा कुमार को अपर समाहर्ता देवघर बनाया गया है। मनोज कुमार को क्षेत्रीय उपनिदेशक जियाडा बनाया गया है। मतियस विजय टोप्पो को निदेशक लेखा प्रशासन हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है।

# पारंपरिक सोहराई पेंटिंग से सजाया जायेगा नवी मुंबई का झारखंड भवन



**भूमि पूजन और शिलान्यास का झारखंडी एकता संघ ने किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवी मुंबई के वाशी में बहुप्रतिक्षित झारखंड भवन का भूमि पूजन और शिलान्यास ऑनलाइन माध्यम से हुआ। नवी मुंबई में यह कार्यक्रम भवन निर्माण विभाग के सचिव अरवा राजकमल के दिशा निर्देशों पर सफलता पूर्वक संचालित हुआ। इस सात मंजिला भवन में वीवीआइपी सुइट्स, डीलक्स कमरे, प्रदर्शनी हॉल, सेमिनार हॉल, व्यायामशाला, भोजन क्षेत्र, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के साथ छत पर उद्यान, वर्षा जल संचयन आदि की सुविधा होगी। भवन को स्थानीय स्वाद देने के लिए पारंपरिक सोहराई पेंटिंग से सजाया जायेगा। यह भवन झारखंड से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को रियायती दरों पर आवास उपलब्ध कराकर उनकी सेवा भी करेगा।

झारखंड के प्रवासी मजदूरों के अग्रणी गैर सरकारी संगठन 'झारखंडी एकता संघ' ने पिछले 20 वर्षों से झारखंड सरकार के समक्ष इस मांग को लेकर अपने निरंतर प्रयासों से इस सपने को संभव बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए संघ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त करता है तथा विधायक विनोद सिंह का भी आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस कार्य को कराने में विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर 'जेइएस' के राष्ट्रीय अध्यक्ष असलम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष फिरोज आलम, सचिव संतोष कुमार, कोषाध्यक्ष ताजुद्दीन अंसारी तथा अन्य प्रमुख सदस्य सदरुल शेख, विनोद प्रसाद, राजेंद्र शर्मा, असगर खान, काशिफ उल्लाह, सलीम अंसारी, कैलाश मंडल, तौफिक अंसारी, मुस्तकीम अंसारी तथा अन्य पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### अपराधी अमन साहू को छत्तीसगढ़ पुलिस ले गयी रायपुर

**रांची (आजाद सिपाही)।** चाइबासा जेल में बंद अपराधी अमन साहू को छत्तीसगढ़ पुलिस प्रोडक्शन वारंट के तहत अपने साथ रायपुर ले गयी। रविवार की देर रात रायपुर क्राइम ब्रांच की 10 सदस्यीय टीम चाइबासा आयी और कड़ी सुरक्षा के साथ अमन साहू को अपने साथ ले गयी। अमन साहू पर तीन माह पहले रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के दफ्तर के बाहर फायरिंग करने का आरोप है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच करने के लिए उसे अपने साथ रायपुर ले गयी। गौरतलब है कि अमन साहू को प्रोडक्शन वारंट में रायपुर लाने के लिए स्थानीय पुलिस ने कोर्ट से पांच से छह बार प्रोडक्शन हासिल कर चुकी थी, लेकिन अब तक अमन को रायपुर नहीं लाया जा सका था।

# 'विधानसभा चुनाव में अवैध निर्वाचन व्यय पर रहेगी पैनी नजर'

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें, इसकी मॉनिटरिंग हर स्तर पर की जायेगी। स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन किया जाये। सोमवार को सभी जिलों में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण सत्र को वह संबोधित कर रहे थे।

श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एफएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय और एमसीसी उल्लंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है। एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना और मुख्यालय स्तर से दिये गये संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है। निर्वाचन के दौरान बने सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहन की चेकिंग की जायेगी। साथ ही सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्त करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है, उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है। इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करें। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी और एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सी-विजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वहीं सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने वाले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टालेशन और इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# विकासशील इंसान पार्टी 20 से अधिक सीटों पर उतारेगी प्रत्याशी : प्रो राजकुमार चौधरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) ने झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में 20 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रो राजकुमार चौधरी ने सोमवार को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ रायशुमारी के बाद यह घोषणा रांची प्रेस क्लब में की। प्रो चौधरी ने कहा कि निषाद वंशीय समाज, जो झारखंड की जनसंख्या का 7 प्रतिशत है, अपनी राजनीतिक दावेदारी के लिए किसी और के भरोसे नहीं रहेगा। उन्होंने लगभग 25 विधानसभा क्षेत्रों की सूची जारी की है जहां निषाद वंशीय समाज के दम पर प्रत्याशी जीतते आ रहे हैं। वीआइपी ने अपनी राजनीतिक दावेदारी को मजबूत करने के लिए निषाद वंशीय समाज के समर्थन पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय पार्टियों ने राज्य का कितना हित किया है यह सभी पार्टियों के लिए आत्ममंथन का विषय है। झारखंड में 2024 का विधानसभा चुनाव सिर पर है। जनता को अपने पक्ष में करने को लेकर घोषणाओं और वादों अंतहीन सिलसिला सा राज्य में नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर नजर डाले तो यह दिख रहा है कि भाजपा कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य छोटे-मोटे घटक दल इस बार जनता का मन नहीं टटोल पा रहे हैं।

# श्री खाटू नरेश का विशेष उत्सव कल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर खाटू नरेश का विशेष पर्व उत्सव आयोजित बुधवार 16 अक्टूबर को विविध कार्यक्रमों के साथ होगा। श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परम्परा के अनुसार ही हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव होगा।

श्री नारसरिया ने बताया कि इस दिन मुख्य समारोह रात्रि 9 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें खाटूनरेश की अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके भजन संकीर्तन की शुरूआत होगी। श्री परितोष, और मिनी प्रीतम ने भजनों का संगीतमय गायन करने



के लिए आ रही है। श्री खाटूनरेश सहित श्रीश्याम मंदिर में विराजमान देवी देवताओं को वस्त्र, विशेष श्रृंगार श्वेत (सफेद) रहेगा। राजनीगंधा, गुलाब, कोरोनेशन, आर्किड, मोती आदि के सफेद फूलों की मोटी-मोटी फूल मालाओं से विशेष श्रृंगार किया जायेगा। इस दिन सभी के आभूषण भी श्वेत (सफेद) होंगे। प्रसाद भी लगभग सफेद ही रहेगा। खीर - पुड़ी और हरा मिरचा की लुंजी, श्वेत काजू मेवा, श्वेत नारियल का भोग अर्पित किया जायेगा। वर्ष भर सिर्फ एक बार गर्भगृहों में भी सफेद लाईट जलेगी। कोलकाता - बैंगलोर से फूल मालाये आ रही हैं। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भजन- संकीर्तन का कार्यक्रम होगा। देर रात तक भजनों का कार्यक्रम चलेगा। सभी तैयारी जोरों से चल रही है। एक भक्त परिवार द्वारा सभी कार्यक्रम की सेवा अर्पित की जायेगी। प्रातः कालीन सामान्य क श्रृंगार होगा। विशेष श्वेत श्रृंगार का दर्शन भक्तजन सायं 5 बजे के उपरांत किया जा सकता है। खाटूधाम की परम्परा के अनुसार खाटूनरेश के गर्भगृह से प्राकृतिक पंखा इसी दिन हटाया जायेगा। मंडल के अध्यक्ष अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढाढ़ंनिया, प्रदीप राजगढ़िया, श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल मोनू, पंकज गाड़ोदिया, अनिल नारनोली, स्नेह पौदार, रौनक पौदार, संजय सराफ, अरविन्द सोमनी, अभिषेक सरावगी, निखिल नारनोली सहित अनेक कार्यकर्ताओं का शरद पूर्णिमा उत्सव की दायित्व दिया गया है। खाटूनरेश के सभी भक्तों से निवेदन है बुधवार को सायंकाल के बाद दर्शन करने एवं रात्रि 9 बजे से होने वाले भव्य भजन संकीर्तन समारोह में अवश्य पधारें।

**आज श्री सुंदरकांडः** श्रीश्याम मित्र मंडल, रांची द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में मंगलवार को सायं 4.30 बजे से 123वां श्री सुन्दरकांड - श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों को आमंत्रित किया है।




रॉंची-गोरखपुर-रॉंची एक्सप्रेस का शुभारम्भ

**रॉंची एवं गोरखपुर** के बीच दिनांक **15.10.2024** को **उद्घाटन-यात्रा** के रूप में एक नई एक्सप्रेस **ट्रेन नं. 08629** का शुभारम्भ किया जाएगा। रॉंची एवं गोरखपुर के बीच दोनों दिशाओं में साप्ताहिक सेवा के रूप में इन ट्रेनों की नियमित यात्रा की सूचना शीघ्र अधिसूचित की जाएगी:

| रॉंची से प्रत्येक शुक्रवार | | | गोरखपुर से प्रत्येक शनिवार | |
|---|---|---|---|---|
| 18629 | | स्टेशन | 18630 | |
| 17.10 | प्र. | ↓ रांची | आ. | 09.25 |
| 01.45/01.50 | आ./प्र. | झाझा | आ./प्र. | 01.40/01.45 |
| 11.30 | आ. | गोरखपुर ↑ | प्र. | 15.30 |

यह यात्रा के दौरान मार्ग में मुरी, बोकारो स्टील सिटी, चंद्रपुरा, धनबाद, चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, किऊल, मोकामा, पटना साहिब, पटना जंक्शन, पाटलीपुत्र, दिघवारा, छपरा, सीवान, भटनी एवं देवरिया सदर स्टेशनों में भी ठहरेगी।

**गठन:** वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-1, वातानुकूलित 2-टीयर-2, वातानुकूलित 3-टीयर-7, शयनयान श्रेणी-6, साधारण द्वितीय श्रेणी-4.

(PR-702) मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# बांग्लादेश : सबकी सुरक्षा जरूरी है

बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले और मंदिर से चोरी की खबरों ने एक बार फिर वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के मसले को केंद्र में ला दिया है। भारत ने ठीक ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जतायी, बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज करायी। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्ते का एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। पिछले अगस्त महीने में छात्र आंदोलन के बेकाबू होने और फिर सत्ता परिवर्तन का कारण बनने के बाद बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की घटनाएं हुईं। तब नयी सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने हालांकि इन हमलों को रोके जाने का आह्वान किया, लेकिन यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया में इन घटनाओं को बढ़ा-चढ़ा कर दिखाया जा रहा है। उनका यही रुख अब तक बना हुआ है। दुर्गा पूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा देने वाली है। जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गा पूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाये जाने की भी खबर आयी। पूरे देश में इस तरह की 35 अप्रिय घटनाएं दर्ज हुई हैं।

**दुर्गा पूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा देने वाली है। जेशोरेश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था।**

ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है, तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ध्यान रहे, बांग्लादेश में सरकार के मुख्य कर्ता-धर्ता मोहम्मद यूनुस शुरुआती अस्थिरता से उबर चुके हैं। सत्ता पर उनकी पकड़ काफी हद तक बन चुकी है। इसका अंदाजा इस बात से भी होता है कि जल्द से जल्द चुनाव का वादा करते हुए सत्ता संभालने वाले यूनुस अब कहने लगे हैं कि सुधार का एजेंडा पूरा होने से पहले चुनाव नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगायें तो कुछ हद तक समझा जा सकता है, लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। वक्त आ गया है कि बांग्लादेश की सरकार जहां-तहां हमले करने और ऊलजलूल बयान देने वाले ऐसे तत्वों को काबू करते हुए यह संदेश दे कि वहां हालात सरकार के नियंत्रण में है और अराजकता का राज नहीं है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**निकोलाय रेरिख ने रूस, यूरोप, मध्य एशिया, मंगोलिया, तिब्बत, चीन, जापान और भारत की यात्राएं कीं। 1928 से वह हिमालय के संपर्क में आये। इसके अनुपम सौंदर्य से वह इतने प्रभावित हुए कि इन्होंने अपने जीवन के 20 वर्ष कुल्लू घाटी में व्यतीत किये। 73 वर्ष के अपने जीवन काल में इन्होंने विज्ञान और दर्शन के क्षेत्र में अपार ज्ञान प्राप्त किया, लेकिन प्रमुख रूप से यह अमर चित्रकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। इनके सम्मान में अमेरिका में 1929 में 29 मंजिला विशाल भवन बनवाया गया। यहां इनकी चित्रकारियां संग्रहित हैं।**

# 'निकोलाय रेरिख' क्यों थे भारत के लिए महत्वपूर्ण


विनीत नारायण

1874 में सेंट पीटर्सबर्ग (रूस) में जन्मे और 1947 में हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के नग्गर अपने आवास पर समाधिस्थ हुए रूसी चित्रकार, दार्शनिक, कवि पुरात्ववेत्ता, सम्मोहनकर्ता निकोलाय रेरिख के जन्म के 150 वें वर्ष में दुनिया भर में, विशेष कर भारत में रूसी दूतावास, भारत सरकार, भारत के सांस्कृतिक केंद्रों एवं विश्वविद्यालयों में कई आयोजन किये जा रहे हैं। पर नयी पीढ़ी के लोगों को शायद उनके विषय में अधिक जानकारी नहीं है। केवल उन लोगों को छोड़ कर जो पर्यटक के रूप में कुल्लू गये हैं या साहित्य और कला में रुचि रखते हैं।

मुझे भी इस महान व्यक्तित्व के विषय में कुछ खास जानकारी नहीं थी, जब तक मैंने कुल्लू में उनके आवास पर बने संग्रहालय को नहीं देखा था, जिसने मुझे बहुत प्रभावित किया, जबकि मेरी इस अज्ञानता को क्षमा नहीं किया जा सकता, क्योंकि मेरी पत्नी प्रो मीता नारायण रूसी भाषा की ख्यातिप्राप्त विद्वान हैं और गत 40 वर्षों से जेएनयू में व साथ ही दर्जनों देशों के विश्वविद्यालयों में रूसी भाषा के अल्पकालीन कोर्स पढ़ाती रही हैं। रूसी भाषा पर उनकी लिखी पुस्तकें उन सब विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती हैं, पर अभी हाल ही में उन्होंने भाषा विज्ञान के अपने विषय से हट कर निकोलाय रेरिख की रूसी कविताओं का अंग्रेजी एवं हिंदी अनुवाद उनके बनाये चित्रों के साथ एक आकर्षक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया, तब मुझे रेरिख के विषय में पूरी जानकारी मिली, जो काफी रोचक है।

**रेरिख का काव्य अत्यंत आध्यात्मिक और मानवतावादी है, जो अंतरतम अर्थात आत्मा के जीवन के बारे में बात करता है।**

सोचा आपसे भी सांझा करुं। वैसे बॉलीवुड में रुचि रखने वालों को शायद ये पता हो कि रेरिख के बेटे सेवेटोस्लाव रेरिख की शादी अपने समय की मशहूर फिल्म अभिनेत्री एवं दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित देविका रानी से हुई थी। वे दोनों भी नग्गर (कुल्लू) के उसी सुंदर पहाड़ी आवास में रहते थे, जहां आज उनका संग्रहालय है। आम धारणा के विरुद्ध सभी रूसी लोग वामपंथी नहीं होते। अध्यात्म, विशेष कर भारत के आध्यात्मिक ज्ञान में उनकी गहरी रुचि होती है। इसी रुचि के कारण एक संपन्न परिवार में जन्मे रेरिख रूस छोड़ कुल्लू के एक छोटे से कस्बे में आ बसे। रेरिख को आमतौर पर उनकी अत्यंत मनभावनी एवं गहरी चित्रकला के लिए जाना जाता रहा है।



1921 में न्यूयॉर्क में रेरिख ने मास्टर इंस्टीच्यूट ऑफ यूनाइटेड आर्ट्स की स्थापना की। उनका मानना था कि कला, ज्ञान और सौंदर्य वे महान आध्यात्मिक शक्तियां हैं, जो मानवता के भविष्य को एक नयी राह दिखायेंगी। 1928 में, मध्य एशिया का अपना भव्य खोजयात्रा पूरी करने के बाद उन्होंने संपूर्ण मानवता की सांस्कृतिक संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए रेरिख संधि नामक संधि तैयार की।

निकोलाय रेरिख ने रूस, यूरोप, मध्य एशिया, मंगोलिया, तिब्बत, चीन, जापान और भारत की यात्राएं कीं। 1928 से वह हिमालय के संपर्क में आये। इसके अनुपम सौंदर्य से वह इतने प्रभावित हुए कि इन्होंने अपने जीवन के 20 वर्ष कुल्लू घाटी में व्यतीत किये। 73 वर्ष के अपने जीवन काल में इन्होंने विज्ञान और दर्शन के क्षेत्र में अपार ज्ञान प्राप्त किया, लेकिन प्रमुख रूप से यह अमर चित्रकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। इनके सम्मान में अमेरिका में 1929 में 29 मंजिला विशाल भवन बनवाया गया। यहां इनकी चित्रकारियां संग्रहित हैं। अपनी आध्यात्मिक समझ एवं सात्विक जीवन शैली के चलते वे महर्षि के नाम से प्रसिद्ध थे। वे हिमालय में एक इंस्टीट्यूट स्थापित करना चाहते थे। इस उद्देश्य से उन्होंने राजा मंडी से 1928 में 'हॉल एस्टेंट नग्गर' खरीदा। बचपन में अपनी प्राथमिक पेंटिंग्स में, रेरिख ने रूस की आध्यात्मिक संस्कृति को दर्शाने के लिए, अपनी मातृभूमि और अपने लोगों के इतिहास को चित्रित करने का प्रयास किया। यूनिवर्सिटी से स्नातक होने के बाद, पैरिस और बर्लिन के संग्रहालयों और प्रदर्शनियों का दौरा करने के लिए रेरिख एक वर्ष के लिए यूरोप चले गये।

फ्रांस में उन्होंने प्रसिद्ध कलाकार एफ कॉर्मन से चित्रकला भी सीखी। यूरोप जाने से ठीक पहले, रूस के त्वेर प्रांत में एक पुरातात्विक शोध के दौरान, उनकी मुलाकात अपनी भावी पत्नी येलेना से हुई, जो सेंट पीटर्सबर्ग के प्रसिद्ध वास्तुकार, इवान इवानोविच शापोशनिकोव की पुत्री थी। 1902 में, निकोलाय और येलेना रेरिख के घर में एक बेटे यूरी का जन्म हुआ, जो आगे चलकर एक प्राच्यविद् वैज्ञानिक बने और 1904 में उनके दूसरे बेटे स्वेतोस्लाव का जन्म हुआ, जो अपने पिता की तरह एक कलाकार और एक सार्वजनिक व्यक्ति बन गया। 1903 और 1904 की गर्मियों में, येलेना और निकोलाय ने रूस के चालीस से अधिक प्राचीन शहरों की लंबी यात्रा की। निकोलाय ने प्रकृति के कई रेखाचित्र बनाये और येलेना ने कई प्राचीन स्मारकों की तस्वीरें खींचीं।

रेरिख बहुत प्रतिभाशाली व्यक्ति थे, जिनके हुनर, विभिन्न क्षेत्रों में देखे जा सकते हैं। वह एक विद्वान संपादक, उत्कृष्ट पुरातत्वविद्, अद्भुत कलाकार, प्रतिभाशाली सज्जाकार और सैट डिजाइनर और ग्राफिक्स के भी मास्टर थे। अपने पूरे जीवन में, रेरिख ने इंगलैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली, अमरीका, भारत आदि जैसे विभिन्न देशों और महाद्वीपों में विभिन्न प्रदर्शनियों का दौरा किया, कई हजार पेंटिंग, भित्ति चित्रों के रेखाचित्र बनाये, ओपेरा और बैले के लिए नाटकीय सैट और वेशभूषाएं बनायीं और सार्वजनिक इमारतों और चर्चों के लिए मोजेक और स्मारकीय भित्ति चित्र भी बनाये।

1921 में न्यूयॉर्क में रेरिख ने मास्टर इंस्टीच्यूट ऑफ यूनाइटेड आर्ट्स की स्थापना की। उनका मानना था कि कला, ज्ञान और सौंदर्य वे महान आध्यात्मिक शक्तियां हैं, जो मानवता के भविष्य को एक नयी राह दिखायेंगी। 1928 में, मध्य एशिया का अपना भव्य खोजयात्रा पूरी करने के बाद उन्होंने संपूर्ण मानवता की सांस्कृतिक संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए रेरिख संधि नामक संधि तैयार की। उन्होंने वेदों और भागवदगीता का भी अध्ययन किया और उनसे बहुत प्रभावित हुए। रेरिख का काव्य अत्यंत आध्यात्मिक और मानवतावादी है, जो अंतरतम अर्थात आत्मा के जीवन के बारे में बात करता है।

## देश-विदेश की खबरें

# हावड़ा के श्यामपुर में पंडाल में घुस कर प्रतिमा तोड़ी, मचा हंगामा

## इलाके में जगह-जगह तोड़फोड़ व आगजनी

- इलाकों में धारा 144 जारी, लोगों से शांति बनाये रखने की पुलिस की अपील
- अब तक 25 से 30 लोग हुए गिरफ्तार, इलाके में पुलिस तैनात, लगा रही गश्ती





आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिला अंतर्गत उलुबेरिया के श्यामपुर में रविवार की रात पूजा पंडाल में घूसकर कथित रूप से प्रतिमा को खंडित व आगजनी की कोशिश की घटना के बाद हंगामा फैल गयी। आक्रोशित लोगों ने जगह-जगह सड़कें जाम कर सड़क पर टायर जलाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस कियोस्क व वाहनों में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दिया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इलाके में धारा 144 लागू कर दिया गया है। वहीं पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त कर रही है। सूत्रों की मानें तो अबतक 25-30 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। संख्या बढ़ने की भी संभावना है।

जानकारी के मुताबिक घटना की शुरूआत श्यामपुर के कमलपुर में एक दुर्गा पूजा मंडप से हुई। बताया जा रहा कि इस पूडा पंडाल में सांप्रदायिक सौहार्द की छवि दर्शाने के लिए हजरत मुहम्मद की तस्वीर लगाई गई थी। इसी तस्वीर को लेकर बवाल शुरू हुआ। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से व्यवसायी संघ ने पूजा मंडप से तस्वीर हटा दी। माफी भी मांगी। समस्या का तात्कालिक समाधान तो हो गया, लेकिन रविवार सुबह से तनाव फिर फैलने लगा। एक समुदाय विशेष के लोगों ने श्यामपुर थाने का घेराव कर प्रदर्शन शुरू किया। इससे वहां अराजकता फैल गई। कई युवकों ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके। पुलिस की गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। दुकानों में तोड़फोड़ के साथ ही कई जगहों पर टायर जलाकर सड़कें जाम कर दी। जिसे देख तनाव को कम करने के लिए घटनास्थल पर पुलिस और रैफ की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गये। स्थिति का जायजा लेने के लिए डीजीपी राजीव कुमार खुद देर रात घटनास्थल पर पहुंचे। इसके साथ ही एडीजी (कानून व्यवस्था), आईजी आईबी हावड़ा, पुलिस अधीक्षक और हावड़ा के पुलिस कमिश्नर आदि अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। हावड़ा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक स्वाति भंगालिया ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। कहा कि हावड़ा जिले में दुर्गा पूजा के दौरान एक तस्वीर को लेकर एक समुदाय का विरोध शुरू हुआ था। इसे लेकर थाने में ज्ञापन लेकर आए लोगों से बातचीत हो रही थी। ज्ञापन लेकर मामला भी दर्ज किया गया। गिरफ्तारियां भी की जा रही है, लेकिन भीड़ में ही आये कुछ लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। इसी बीच खबर मिली है कि कई जगहों पर पूजा पंडाल में तोड़फोड़ की गई है। हालांकि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में हैं। अभी एक पक्ष से ही 25 से 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। और भी गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस जगह-जगह पेट्रोलिंग कर रही है। लोगों से अपील है कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाये रखें। सोमवार सुबह से 144 धारा लगायी गयी है।

# रिटेल महंगाई बढ़कर 5.49% पर पहुंची, नौ महीने में सबसे ज्यादा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** खराब मौसम और सब्जियों के महंगे होने से सितंबर महीने में रिटेल महंगाई बढ़ कर 5.49% पर पहुंच गयी है। अगस्त में ये 3.65% पर थी। यह 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। वहीं, खाद्य महंगाई दर 5.66% से बढ़कर 9.24% हो गयी है। शहरी महंगाई भी महीने-दर-महीने आधार पर 3.14% से बढ़कर 5.05% हो गई है। ग्रामीण महंगाई 4.16% से बढ़कर 5.87% पर पहुंच गयी है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महंगाई महीने-दर-महीने आधार पर 5.66% से बढ़कर 9.24% हो गयी है। वहीं एक साल पहले अगस्त 2023 में खाद्य महंगाई 6.62% रही थी। यानी, सालाना आधार पर भी ये बढ़ी है।

# मणिपुर हिंसा के बाद कुकी और मैतेई आज पहली बार दिल्ली में बैठक करेंगे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** पिछले एक साल से मणिपुर में जारी जातीय हिंसा के बीच 15 अक्टूबर को कुकी और मैतेई समुदाय पहली बार बातचीत करने जा रहे हैं। गृह मंत्रालय की तरफ से नयी दिल्ली में होने वाली बैठक में दोनों समुदाय के नेता और विधायक शामिल होंगे ताकि शांति से हिंसा का समाधान निकाला जा सके। बैठक में मैतेई समुदाय के नेता थोंगम बिस्वजीत, स्पीकर थोकचोम सत्यब्रत, थोउनाओजम बसंतकुमार, खोंगबंतबाम इबोमचा, डॉ सपाम रंजन, थोकचोम राधे-श्याम और टोंगब्रम रॉबिन्ड्रो शामिल होंगे। वहीं कुकी समुदाय के नेताओं में लेटपाओ हाओकिप, पाओलिएनलाल हाओकिप, हाओखोलेट किपगेन रहेंगे । इस चर्चा में नागा विधायकों और मंत्रियों में अवांगबो न्यूमई, एल. दिखो और राम मुइवा भी मौजूद रहेंगे। बता दें कि मणिपुर में जातीय हिंसा 3 मई 2023 को शुरू हुई थी। इसके 16 महीने बीत चुके हैं। इस दौरान 226 लोगों की मौत हो चुकी है। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। 65 हजार से ज्यादा लोग अपना घर छोड़ चुके हैं।

# अमेरिका और ब्रिटेन के 3 अर्थशास्त्रियों को इकोनॉमिक्स का नोबेल दिया गया

**स्टॉकहोम (एजेंसी)।** अमेरिका और ब्रिटेन के 3 वैज्ञानिकों को इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज दिया गया है। विजेताओं में तुर्किश मूल के अमेरिकी डेरन एसेमोग्लू, ब्रिटिश मूल के अमेरिकी साइमन जॉनसन और ब्रिटेन के जेम्स ए रॉबिनसन शामिल हैं। इन्हें अलग-अलग राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं के बनने और समाज की तरक्की पर उनके पड़ने वाले असर पर रिसर्च के लिए ये सम्मान मिला है। तीनों अर्थशास्त्रियों ने बताया है कि कैसे गरीब देश सालों की तरक्की के बावजूद अमीर देशों की तरह विकसित नहीं हो पाये हैं।

# भारत ने कनाडा से अपना राजदूत वापस बुलाया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कनाडा से रिश्तों में तनाव के बीच भारत ने अपने हाई कमिश्नर संजय कुमार वर्मा को वापस बुला लिया है। टूडो सरकार ने रविवार को एक चिट्ठी भेजी थी, जिसमें हाई कमिश्नर और कुछ दूसरे डिप्लोमेट्स को एक मामले में संदिग्ध बताया था। हालांकि उनसे जुड़े मामले की जानकारी नहीं दी गई थी, लेकिन इसे निज्जर की हत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। इस पर भारत ने आज कनाडाई राजदूत को समन भेजकर तलब भी किया। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि हमें कनाडा की सरकार पर भरोसा नहीं है।

# पूर्व ब्रिटिश पीएम बोरिस जॉनसन की किताब में मोदी की तारीफ

- लिखा- वे बदलाव लाने वाले नेता, नेहरू कहते थे भारत हमेशा रूस का साथ देगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने अपने जीवन की घटनाओं पर एक किताब लिखी है। इस किताब का नाम 'अनलीश्ड' है। इस संस्मरण में उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने लिखा कि मोदी ऐसे चेंज मेकर नेता हैं, जिसकी हमें जरूरत है।

जॉनसन ने किताब में एक चैप्टर भारत के लिए लिखा है। इस चैप्टर का नाम 'ब्रिटेन एंड इंडिया' है। इसमें उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों के बारे में बताया है। उनकी यह किताब 10 अक्टूबर को पब्लिश हो चुकी है। अब यह ब्रिटेन के बुकस्टोर्स और ऑनलाइन मिल रही है।



### नरेंद्र मोदी से पहली मुलाकात एनर्जेटिक रही

**न्यूज एजेंसी के मुताबिक, जॉनसन ने लिखा है कि जब वे पहली बार मोदी से मिले तो उन्हें एक अनोखी एनर्जी महसूस हुई। उन्होंने लिखा कि वे नवंबर 2015 में जब लंदन के मेयर थे तब मोदी से पहली बार मिले थे। बोरिस जॉनसन ने कहा कि हम लंदन में टॉवर ब्रिज के पास थे। सामने मोदी के समर्थकों की भीड़ थी। तभी मोदी ने मेरा हाथ पकड़ कर ऊपर उठाया। उन्होंने हिंदी में कुछ कहा। हालांकि मैं वह नहीं समझ पाया, पर मुझे एक अनोखी एनर्जी फील हुई। तब से वे मेरे दोस्त हैं।**

ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन ने ये भी बताया है कि भारत के पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू ने ब्रिटिश महारानी एलिजाबेथ क्क से कहा था कि भारत हमेशा रूस के साथ रहेगा।

# बहराइच में दूसरे दिन हिंसा, इंटरनेट बंद

- भीड़ ने अस्पताल और गाड़ियों के शोरूम में लगायी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में दिनभर हालात बेकाबू रहे। हजारों की भीड़ ने अस्पताल में आग लगा दी। कई शोरूम-दुकानों को फूंक दिया। भीड़ देखकर पुलिस को भी पीछे हटना पड़ा। आसपास के 6 जिलों से फोर्स और पीएसी बुलायी गयी है। एसटीएफ चीफ और लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश को मैदान में उतरना पड़ा। उन्होंने आगजनी कर रही भीड़ को पहले रोका, नहीं मानी तो हाथ में पिस्टल लेकर खदेड़ा। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

रविवार को हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया और हिंसा भड़क गयी। पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। गोली लगने से 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गयी। पुलिस ने अब्दुल हमीद, रिंकू, फहीम, राजा उर्फ साहिर खान, ननकऊ, मारुफ अली और 4 अज्ञात के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। सरकार ने 6 जिलों से पीएसी को बहराइच भेजा है। पूरा इलाका छावनी बना है।

वहीं, पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार सुबह राम गोपाल का शव घर पहुंचा, तो 5-6 हजार की भीड़ इकट्ठा हो गयी। लोगों ने शव को लेकर करीब 5 किमी तक यात्रा निकाली। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव घर ले गया, लेकिन लोग वहां से नहीं हटे। भीड़ ने आगजनी शुरू कर दी। बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के लोग आयें और बैठ कर बात करें, तभी समाधान निकलेगा। काफी समझाने पर सोमवार देर शाम राम गोपाल का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फोर्स मौजूद रही।

## रक्तदान से स्वस्थ्य शरीर को नुकसान नहीं : संजय ठाकुर



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के टंडवा निवासी संजय ठाकुर के लिए समाज सेवी संजय कुमार व छोटे लाल चंद्रवंशी ने गढ़वा अस्पताल पहुंचकर रक्त दान किया। मालूम हो कि टंडवा निवासी संजय ठाकुर पिछले कई महीनों से गंभीर बीमारी से जूझ रहे है स्वास्थ्य सुधार के लिए डाक्टरों ने प्रत्येक माह रक्त की जरूरत बताया। इधर संजय कुमार ने 35 से अधिक बार रक्त दान कर चुके लोगों से बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की। कहा कि रक्त दान से स्वस्थ्य शरीर को कोई नुकसान नहीं है जिसे समय समय पर दान देने की जरूरत है ताकि दूसरे की जान बचाई जा सके।

### झुरही टोला में डायरिया पीड़ित मरीजों की मौत का सिलसिला थमने का नहीं ले रहा नाम

# डायरिया से एक सप्ताह में चौथी मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** प्रखंड थाना क्षेत्र के कैलान पंचायत अंतर्गत आदिम जनजाति बहुल झुरही टोला में डायरिया पीड़ित मरीजों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रविवार की रात्रि की है। जहां पर इलाज के लिए मेदिनीनगर जाने के क्रम में कैलाश कोरवा के 5 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार की मौत हो गयी। जबकि एक सप्ताह के भीतर डायरिया से यह चौथी मौत है।

बता दें कि छह दिन पूर्व टोला के रामजन्म कोरवा और उनका 8 वर्षीय नाती दिनेश कुमार ने तथा दो दिन पूर्व सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत बच्चे की मां समुद्री देवी की मौत हो गयी थी।

टोला पर डायरिया से लगातार हो रही मौत से स्वास्थ्य विभाग के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो रहा है, कि आखिरकार सदर अस्पताल इलाजरत डायरिया से मां और बेटे की मौत कैसे हो गयी। हलांकि स्थानीय सीएचसी स्तर पर विभाग पूरी तरह डायरिया से पीड़ित मरीजों को बचाने में जी-जान से लगा हुआ है, इसके लिए विभाग टोला से लेकर सीएचसी में स्तर पर मरीजों की इलाज में लगा हुआ है।

सीएचसी में तीन मरीज भर्ती हैं, तो वहीं गांव स्तर पर दो मरीजों का इलाज किया जा रहा है। जिसमें सीएचसी में अशोक कोरवा 36 वर्ष, इसका 3 वर्षीय पुत्र शक्ति कुमार और राधा देवी 43 वर्ष पति लखन कोरवा के अलावे गांव में कैंप में रीना कुमारी 13 वर्ष पिता रामचन्द्र कोरवा तथा अजित कोरवा 3 वर्ष पिता विरेंद्र कोरवा का नाम शामिल है।

इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार के लोगों की मौत डायरिया से नहीं बल्कि फूड प्वाइजनिंग से हो रही है। उन्होंने कहा कि डायरिया की सूचना पर पूरे टोला में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराकर दूषित जल पीने से लोगों को मना किया गया है, तो वहीं दूसरी तरफ मेडिकल टीम गांव में कैंप कर रही है, वहीं गंभीर मरीजों को अस्पताल में लाकर इलाज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा विभाग पूरी चौकस है, हर पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए, उन्होंने स्थिति नियंत्रण में होने की बात कही।

जबकि गांव में मेडिकल टीम में चलंत चिकित्सक फैज अनवर, सुबहक कुजूर, सीएचओ अंकित त्रिवेदी, विशाल दवे, सवई राम, जितेंद्र कुमार, भावेश कुमार, महाबीर बारूपाल, कमल सैनी, एमपीडब्लू मनोज संसई के अलावे सहिया आदि कैंप कर रहें हैं।70

# तालाब में डूबने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** प्रखंड मुख्यालय के श्री विष्णु मंदिर स्थित पोखरा चौक तालाब में नहाने गया एक युवक की डूबने से मौत हो गयी। युवक की पहचान विशुनपुरा निवासी सीताराम चंद्रवंशी के 20 वर्षीय पुत्र रंजन चंद्रवंशी के रूप में किया गया है। यह घटना रविवार करीब 4 बजे शाम की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार चार युवक नहाने के लिए तालाब में गये थे, नहाते समय सभी पानी में अनियंत्रित हो गये। उसके बाद तीन युवक किसी तरह तालाब से बाहर निकल आये। वहीं एक युवक पानी में डूब गया था, युवक की स्थानीय तैराकों द्वारा तालाब में लगभग चार से पांच घंटा खोजबीन किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। उसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना विशुनपुरा थाना को दिया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने घटना की जानकारी लिया। तथा एनडीआरएफ बिहटा टीम को सूचना दिये।

**आक्रोशित ग्रामीण :** देर रात तक भी एनडीआरएफ टीम को नहीं पहुंचने से घटना स्थल पर ग्रामीण उग्र हो गये, और प्रशासन व प्रतिनिधि के खिलाफ मुर्दाबाद के नारेबाजी करने लगे। मौके पर पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अंनत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, दीपक प्रताप देव और ताहिर अंसारी पहुंचे। दीपक प्रताप देव द्वारा मेराल के सोहबरिया से चार मछुआरा तैराकों को स्थल पर बुलाया गया, उसके बाद मछुआरों ने तालाब में शव को खोजबीन करने में लग गये। आखिरकार घटना के 8 घंटे बाद देर रात्र साढ़े बारह बजे काफी मश्क्कत के बाद शव को निकालने में सफलता मिल गयी।

## अन्नराज डैम नदी के बहुआरा घाट में डूबने से एक की मौत, बच्चा बचा

रंका (आजाद सिपाही)। चिनियां प्रखण्ड के ग्राम कठौतिया निवासी मोतीलाल कोरवा उम्र - 42 वर्ष लगभग पिता स्व० बुटाई कोरवा की मौत अन्नराज डैम नदी के बहुआरा घाट में डूबने से हो गयी। इसके संबंध में ग्राम सिंजो निवासी शिक्षक हिरामन कोरवा ने आजाद सिपाही को बताया कि मोतीलाल कोरवा ग्राम सिंजो में अपनी बहन कुंती कुंअर के घर आया था। घर लौटते समय अपना मझिला बेटा अंकुश कुमार को कंधा पर बैठाकर बहुआरा घाट पार कर रहा था, जिसमें उसका पैर लड़खड़ा गया और वह नदी में गीर गया और गहरे पानी में चला गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

## 8 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन



भंडरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को सेविका सहायिका संघ के 10 दिन से चल रहे हड़ताल को लेकर प्रखंड मुख्यालय में सेविका संघ के अध्यक्ष रीता शर्मा की अध्यक्षता में प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में 8 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड सरकार के विरोध में एक दिवसीय धरना पर बैठ गये। इस बैठक में सरकार के विरोध में हेमंत सरकार हाय-हाय के नारे लगाये, इसके साथ हेमंत सरकार होश में आओ हम नारियों को अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे, हम लोगों को मानदेय नहीं वेतन चाहिए, रिटायरमेंट के बाद पेंशन चाहिए, इसी मांग को लेकर सरकार अगर हम लोगों की बात नहीं मानती है, तो हड़ताल और आगे भी जा सकता है। इस मौके पर उपस्थित सेविका सहायिका सगह के राहेल खाखा, छबिया तिर्की, सुनीता करकेटा, नीलम तिग्गा, माला देवी, शोभा देवी, हेमागनी मिंज, कुलवंती देवी, संगीता मिंज, रित्वंती देवी, निर्मला कुजूर, शांति देवी, फुल कुमारी तिर्की, पार्वती देवी और प्रखंड के सभी सेविका सहायिका उपस्थित थी।

## डंडई में नये बीडीओ ने दिया योगदान



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में सोमवार को नये बीडीओ के रूप में देवलाल करमाली ने योगदान दिया। इस दौरान प्रखंड कर्मियों व जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कार्यालय कक्ष में बीडीओ देवलाल करमाली ने बताया कि प्रखंड में सरकार के द्वारा संचालित सभी तरह के योजनाओं के क्रियान्वयन में गति प्रदान की जायेगी। इस मौके पर अंचलाधिकारी राजकुमार प्रजापति,सहायक अभियंता राहुल कुमार,बीपीओ रंजन कुमार, प्रधान सहायक वीरेंद्र मांझी, उमेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शिव शंकर सोनी और रूपेश ठाकुर ने थामा झामुमो का दामन



रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गौरगाड़ा निवासी भारतीय जनता पार्टी रंका के पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष शिव शंकर सोनी और वरिष्ठ नेता रूपेश ठाकुर रविवार को भाजपा छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। इन्हें झारखंड सरकार के मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश ठाकुर ने माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर कर स्वागत किया।

## मंत्री ने किया एक करोड़ की लागत से निर्मित 6 स्वागत द्वार का लोकार्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा में छह स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया। नगर विकास विभाग झारखंड सरकार की ओर से लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार का अधिष्ठापन किया गया है। जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा शहर के वार्ड नंबर एक उंचरी में यासीन मिल्लत कॉलेज के समीप, रेहला रोड वार्ड संख्या चार सोनपुरवा में हरियारा पुल के समीप, कचहरी रोड वार्ड नंबर 12 में सिविल कोर्ट के समीप, चिनियां रोड में दानरो नदी पुल के समीप, टंडवा वार्ड नंबर 20 शाहपुर रोड में तथा वार्ड नंबर 21 में आरके पेट्रोल पंप के समीप स्वागत द्वार का अधिष्ठान किया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा के हर क्षेत्र में लगातार काफी तेजी से विकास हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में भ्रमित करने वाले लोगों को जनता सबक सिखलायेगी।

## भाजपा राजनीतिक हथियार के रूप में इडी का गलत इस्तेमाल कर रही है: धीरज



गढ़वा। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया। श्री दुबे ने कहा कि भाजपा को पलामू प्रमंडल के पांच सीटों पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रभाव से हार का अंदेशा है तथा कोल्हान के चाईबासा में भी मंत्री मिथिलेश की मजबूत पकड़ है। चुनाव को देखते हुए भाजपा राजनीतिक हथियार के रूप में प्रवर्तन निदेशालय का गलत इस्तेमाल कर रही है परंतु इससे मंत्री मिथिलेश डरने वाले नहीं है। झामुमों का हर एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के गलत नीति और खोटी नियत को लोगों को बताने का काम करेंगे।

## 9.44 करोड़ की लागत से बननेवाली विभिन्न सड़कों का विधायक भानु ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** विधायक भानु प्रताप शाही ने हरिहरपुर मंडल में नौ करोड़ चौवालीस लाख की लागत से बनने वाली अलग - अलग 10 किमी लंबी सड़क का शिलान्यास किया। इस शिलान्यास में पहली सड़क डूमरसोता गांव में पांच करोड़ की लागत से बनने वाली पौने पांच किमी लंबाई की सड़क सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास गांव के बुजुर्ग रामहरक पाल के द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। यह सड़क डूमरसोता गांव से होते हुए दारीदह बजरंगबली मंदिर तक तथा दूसरी सड़क चौबे मझिगावां गांव के बबुराहा टोला मुख्य बस्ती से होते हुए नवडीहवा टोला तक 2.05 किमी जिसकी लागत एक करोड़ संतावन लाख, जबकि तीसरी सड़क मझिगावां गांव के ही महूआधाम से अस्नाखांड होते हुए कवलदाग मुख्य सड़क तक जिसकी कुल दूरी 4.26 किमी तथा दो करोड़ सत्तासी लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया। विधायक ने कहा कि गांव-गांव की सभी सड़कें पूर्व में बनने के बाद कई वर्षों तक इस सड़क कि हालत इतनी जर्जर थी की इस पर लोगों को चलने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। मौके पर मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, रामलला दुबे, जिलापरिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, भगत दयानंद, शशांक द्विवेदी सहित कई लोग उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
रामगढ़ थाना के सामने, गांधीचौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122,
ई-मेल–eercdramgarh-jhr@nic.in

" सूचना "

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल, रामगढ़ अन्तर्गत अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 02 वर्ष–2024–25 दिनांक–27.09.2024 का P.R. No.- 337513 Road(24-25)*D द्वारा आमंत्रित अल्पकालीन निविदा को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
प०नि०वि०, पथ प्रमण्डल,रामगढ़।

PR 338811 Road(24-25)D

## गढ़वा को अपना जागीर समझ लिये हैं मंत्री, गरीबों की खुलेआम लूटी जा रही है जमीन : सत्येंद्रनाथ

### झामुमो के दो दर्जन से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सोमवार को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के आवास पर दो दर्जन से अधिक लोगों ने झामुमो छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व विधायक ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे झारखंड में भाजपा के प्रति लोगों का रूझान बढ़ा है। प्रत्येक दिन लोग झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थाम रहे है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता झामुमो गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के क्रियाकलाप से जनता ऊब चुकी है। हर क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम सीमा को पार कर चुका है। स्थानीय विधायक गढ़वा को अपना जागिर समझ रहे है। कई जगहों पर गरीबों का खुलेआम जमीन लूटा जा रहा है। मंत्री और उनके प्रतिनिधियों के द्वारा गरीबों के जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। बालू के अभाव में क्षेत्र की जनता अपना निजी काम नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि शहर के व्यवसायी मंत्री के पोषक तत्वों के कारण पूरी तरह भयभीत है। लोगों को झूठे मुकदमा में फंसाया जा रहा है।

पिछले पांच वर्षो में हेमंत सरकार ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपरलीक कराने का रिकॉर्ड स्थापित करने का काम की है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में मंत्री तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे है। गढ़वा सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन नहीं करने दिया जा रहा है। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में प्रमुख रूप से कोरवाडीह गांव निवासी दिलीप कुमार, दीपक कुमार, सच्चिदानंद निराला, दिनेश कुमार, मनोज राम, रामचंद्र राम सहित दो दर्जन से अधिक लोगों का नाम शामिल है।

शपथ पत्र

शपथ पत्र सं. 4524 दिनांक 22.08.2024 के अनुसार मैं, मोती सिंह पिता–सुकन सिंह, 44 उम्र वर्ष निवासी ग्राम- कैलान, पो.- टाउनसिप, थाना–भवनाथपुर जिला–गढ़वा, झारखण्ड राज्य शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता हूँ कि :-
1. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या-6733 1663 1347 जिसमें में मेरे पिता जी का नाम सुकन सिंह (Sukan singh) अंकित हैं जो सही एवं सत्य है।
2. यह कि मेरा लाइसेन्स नं.:-UP63 20040011232 में मेरे पिता जी का नाम सुखु सिंह (Sukkhu singh) अंकित है जो गलत हैं।
3. यह कि यह शपथ–पत्र मैं अपने पिता जी के उक्त लाइसेन्स पर अंकित नाम सुखु सिंह (Sukkhu singh) को विलोपित करते हुए आधार कार्ड में अंकित वास्तविक नाम सुकन सिंह (Sukan singh) को अपने लाइसेन्स पर अंकित करवाने हेतु निष्पादित कर रहा हूँ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

निविदा रद्द करने की सूचना

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार का अति–अल्प कालीन ई0–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/SR-09/24-25 (2nd Call) Date 27.07.2024 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR330908(Drinking Water and Sanitation) 24-25(D) द्वारा प्रकाशित है।

निविदा की नियम एवं शर्तें में त्रुटि होने के कारण उक्त निविदा को रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार

PR 338836 Drinking Water and Sanitation(24-25).D

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, कोडरमा
(जिला शास्त्र शाखा)

आदेश

आगामी विधान सभा निर्वाचन, 2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु शस्त्र नियमावली 1962 के नियम (63) एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त 9 एवं 14 के तहत कोडरमा जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों को भौतिक सत्यापन कराया जाना आवश्यक है।

अतः शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति / शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराये जाने के निमित अंचलवार निम्नांकित पदाधिकारियों को उनके नाम के सामने अंकित थाना / ओ0पी0 / आर्म्स डीलर में सभी प्रकार के शस्त्रों एवं अनुज्ञप्ति का भौतिक सत्यापन करने हेतु दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया जाता है:–

| क्र0 | दण्डाधिकारी का नाम | अंचल का नाम | स्थान जहाँ शस्त्र निरीक्षण किया जायेगा | शस्त्र सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हलधर कुमार सेठी, अंचल अधिकारी, कोडरमा | कोडरमा अंचल | कोडरमा थाना | 16–10–2024 |
| | | कोडरमा अंचल | तिलैया थाना | 16–10–2024 |
| | | एन0सी0दाँ एण्ड कम्पनी, आर्म्स डीलर झुमरी तिलैया | | 16–10–2024 |
| 2 | श्री केशव प्रसाद चौधरी, अंचल अधिकारी, सतगावाँ | सतगावाँ अंचल | सतगावाँ थाना | 16–10–2024 |
| 3 | श्री परमेश्वर कुशवाहा, अंचल अधिकारी, मरकच्चो | मरकच्चो अंचल | मरकच्चो थाना | 16–10–2024 |
| 4 | श्री रविन्द्र कुमार पाण्डेय, अंचल अधिकारी, डोमचाँच | डोमचाँच अंचल | डोमचाँच थाना | 16–10–2024 |
| | | डोमचाँच अंचल | नवलशाही थाना | 16–10–2024 |
| | | डोमचाँच अंचल | ढाब थाना | 16–10–2024 |
| 5 | श्री सारांश जैन, अंचल अधिकारी, जयनगर | जयनगर अंचल | जयनगर थाना | 16–10–2024 |
| | | जयनगर अंचल | तिलैया डैम ओ0पी0 | 16–10–2024 |
| 6 | श्री अशोक कुमार भारती, अंचल अधिकारी, चंदवारा | चंदवारा अंचल | चंदवारा थाना | 16–10–2024 |

संबंधित थाना / ओ0पी0 प्रभारी अपने–अपने थाना / ओ0पी0 क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को अपने स्तर से सूचित करते हुए उनके अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनके शस्त्र किसी थाना / दुकान आदि में पूर्व से जमा हो तो शस्त्र जमा करने संबंधी कागजात प्रस्तुत करेंगे। साथ ही वैसे अनुज्ञप्तिधारी जो जमानत पर हैं अथवा जिनका अपराधिक इतिहास रहा हो अथवा गत चुनाव में दंगे वगैरह फैलाने में संलिप्त रहा हो, वैसे सभी अनुप्तिधारी दिनांक 20–10–2024 तक किसी लाईसेन्सी दुकान / संबंधित थाना में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इसे कोडरमा जिला के संबंधित थाना प्रभारी सुनिश्चित करायेंगे।

उपरोक्त प्राधिकृत सभी दण्डाधिकारी संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि तक करते हुए संयुक्त हस्ताक्षर से सत्यापन प्रतिवेदन दिनांक 24–10–2024 तक इस कार्यालय को निम्नांकित विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें :–

| क्र0 | शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी का नाम / पता | शस्त्र अनुज्ञप्ति कब तक नवीनीकृत है? | शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या एवं UIN No. | धारित शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | धारित शस्त्र को अंतिम रूप से किस वर्ष सत्यापित किया गया |
|---|---|---|---|---|---|

शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम / नियमावली के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित / रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0 / –
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,कोडरमा

PR 338859 District(24-25).D

# भंडरिया में निर्धारित रूट से ही हुआ मूर्ति का विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया(गढवा)।** भंडरिया थाना क्षेत्र के मदगडी गांव में मुर्ति विसर्जन मार्ग को लेकर उत्पन्न हुए विवाद के बाद रविवार को ही देर रात पदाधिकारियों और दोनों पक्ष के ग्रामीणों के समझौते के बाद निर्धारित लाइसेंस के अनुसार हिंदू पक्ष द्वारा मांग किये गये रूट के अनुसार ही रात्रि लगभग दस बजे मूर्ति विसर्जन का कार्य किया गया। मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर तथा पुलिस अधिक्षक दीपक पांडेय मोर्चा संभाले रखा। इसके पूर्व पदाधिकारियों ने मदगडी गांव के पूजा पंडाल पहुंचकर पूजा आयोजन कर्ताओं के साथ बैठक किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने वार्ता कर पूजा समितियों की राय जानी। पूजा समिति के पदाधिकारियों ने दोनों पदाधिकारियों उपयुक्त और पुलिस अधीक्षक से पुर्व से निर्गत लाईसेंस में उलेखित मार्ग से ही मुर्ति विसर्जन जुलूस ले जाने की बात कही। जिसके बाद पदाधिकारियों के द्वारा दुसरे समुदाय के लोगों को भी बुला कर उनका राय जाना। दुसरे समुदाय के लोगों द्वारा डीजे साउंड और भडकाऊ नारा नहीं लगाने तथा गली मुहल्ले में जुलूस नहीं ले जाने की बात कहीं गयी। वहीं पूजा समितियों के द्वारा अधिकारियों से हिन्दू समुदाय पर किसी तरह का कोई कानूनी कारवाई नहीं करने की मांग की गयी, तब जाकर रात लगभग 10 बजे मूर्ति विसर्जन का कार्य प्रारंभ किया गया। विसर्जन जुलूस में दोनों अधिकारियों के साथ क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया भी शामिल हुए।

## विसर्जन के विवाद की कड़ी भर्त्सना की गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति, पलामू ने गढ़वा में प्रतिमा विसर्जन के विवाद की कड़ी भर्त्सना की है। इस संबंध में महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी और उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने कहा कि गढ़वा जिला में मदगडी और लखना ग्राम में माता रानी के विसर्जन में विवाद उत्पन्न होना काफी दुखद है और इस तरह की हरकतों से गढ़वा जिला की गंगा यमुना तहजीब पर काफी धक्का लगा है।

## सांसद प्रतिनिधि प्रमोद मदगड़ी में पुलिस के लाठी चार्ज में घायल हुए ग्रामीणों से मिले



भंडरिया। गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी ग्राम में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज के और गोली चलाने के बाद घायल हुए ग्रामीणों से मिला। सांसद विष्णु दयाल राम के निर्देश पर गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भंडरिया प्रखंड के मदगड़ी ग्राम में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज के और गोली चलाने के बाद घायल हुए ग्रामीणों से मिला और सांसद के संदेश को पहुंचाया। सांसद अंतर्राष्ट्रीय पार्लियामेंट कमेटी के दौर में पर जनेवा, स्वीटजरलैंड में है, लेकिन वहीं से लगातार घटना की जानकारी लेते हुए लोगों को आश्वस्थ किया है कि उनके साथ हर संभव सहायता के लिए तैयार हैं। उक्त घटना में घायल बघवार निवासी उदित गुप्ता पिता अशोक गुप्ता और मादगड़ी निवासी संजय गुप्ता पिता फिरंगी शाह से मिला। घायलों से मिलने वाले में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, सांसद के जिला समन्वयक रामसरिख चंद्र, भंडारिया सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंह, भाजपा नेता भूदेश्वर सिंह, रंका सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंह, भाजपा नेता मुकेश चौबे सहित कई लोग शामिल थे।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत, पांच घायल

## खूंटी-तोरपा रोड पर बाइक सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को मारी ठोकर, मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी-तोरपा रोड पर बाबा आम्रेश्वर धाम के पास सोमवार को एक बाइक सवार युवक ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को ठोकर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कुछ पत्रकारों और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतक की पहचान कर्रा थाना क्षेत्र के टुनगांव बरटोली निवासी घसिया भेंगरा के 18 वर्षीय पुत्र जिला भेंगरा के रूप में हुई है।

सड़क पर तड़पता रहा घायल, लोग वीडियो बनाते रहे सोमवार को अंगराबारी के पास हुई दुर्घटना में घायल युवक जिला भेंगरा सड़क पर तड़पता रहा और स्थानीय लोग उसका वीडियो बनाते रहे, पर कोई भी व्यक्ति घायल युवक की मदद के लिए आगे नहीं आया। लगभग 15-20 मिनट तक घायल युवक वहीं तड़ता रहो और लोग तमयाबीन बने खेड़े रहे। उसी दौरान खूंटी से तोरपा की ओर जा रहे रांची के वरिष्ठ पत्रकार हरेंद्र तिवारी, अजीत जयसवाल और आशीष तिग्गा की नजर घायल व्यक्ति पर पड़ी और तीनों पत्रकार मदद के लिए आगे आये। इसे देखकर अंगराबारी के रहने वाले हरदुगन होरो नामक युवक वहां पहुंचा। उसी समय राहुल लोहरा नामक ऑटो चालक आपने ऑटो से उसे अस्पताल ले जाने लगे। खूंटी दानी पब्लिक सकूल के पास जब ऑटो पहंचा, जब सदर अस्पताल का एंबुलेस घायल को लेकर सदर अस्पताल पहुचा। तब तक तीनों पत्रकार भी वहां पहुंचे और युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कुछ ही देर में युवक की मौत हो गयी। **जल्द एंबुलेंस मिल जाता और लोग रास्ता दे देते, तो शायद बच जाता युवक :** दुर्घटना में घायल युवक की मौत के संबंध में लोगो का कहना है कि यदि घायल युवक कुछ देर पहले अस्पताल पहुंच जाता, तो शायद उसकी जान बच जाती, लेकिन पूरे राज्य के 108 एंबुलेंस चालकों की हड़ताल के कारण सयम पर एंबुलेस नहीं पहुंचा और एबुंलंस मिलरा, पर खूंटी बाजारटांड़ के पास एंबुलेंस जाम में फंस गया। चालक द्वारा बार-बार सायरन बजाने के बाद भी लोगों ने एंबुलेंस का रास्ता नहीं दिया। इसके कारण रूाध्ल युवक को अस्पताल पहुंचाने में देर हो गई और युवक की मौत हो गयी।

**ऑटो चालक ने दिखाई मानवता :** दुर्घटना में घायल युवक को अस्पताल ले जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिल रहा था, उसी समय रहुल लोहरा अपना ऑटो लेकर घायल युवक कों खूंटी ले गया। जब पत्रकार हरेंद्र तिवारी ने उसे पांच सौ रुपये देने चाहे, तो राहुल ने पैसे नहीं लिये और कहा कि मानवता भी कोई चीज है सर, पैसें तो रोज कमाते हैं।

## ट्रक ने मारी स्कूटी को टक्कर एक की मौत, एक गंभीर

**खूंटी।** खूंटी-तमाड़ रोड पर पर बाड़ी गांव के समीप सोमवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक (ओडी 23जी 4628) अनियंत्रित होकर एक स्कूटी को टक्कर मारते हुए मौके पर पलट गया। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक एक अधेड़ ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि स्कूटी पर सवार उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। मृतक की पहचान सायको थानांतर्गत जिरिंगकेला गांव निवासी 58 वर्षीय परता मुंडा के रूप में हुई है, वहीं गंभीर रूप से घायल उसकी रिश्तेदार 19 वर्षीय युवती बिंदी मुंडा को इलाज के लिए खूंटी के केएस गंगा नामक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार परता मुंडा अपने रिश्तेदार उक्त युवती के साथ स्कूटी से खूंटी की ओर आ रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रहे उक्त तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी और अनियंत्रित होकर घटनास्थल के समीप पलट गया। दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही सायको थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और सड़क पर पड़े शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया।

## दो बाइक में टक्कर, एक की मौत, चार घायल

**सोनाहातू/बुंडू।** थाना क्षेत्र के सोनाहातू-सिल्ली सड़क के बलुवाडीह मोड के समीप दो बाइक में सीधी टक्कर से बाइक सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। इसमें एक की मौत हो गयी। घटना रविवार देर शाम बतायी जा रही है। घटना के संबध में बताया गया है कि टीवीएस अपाची जेएच01इएन 6283 और होंडा साइन जेएच01एटी 7604 में सीधी टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद दोनों बाइक में सवार सभी एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। पुलिस के मदद से लोगों ने पांचों को सोनाहातू अस्पताल पहुंचाया।



मृतक की फाइल फोटो।

अस्पताल पहुंचते ही एक युवक की मौत हो गयी। युवक चोगा गांव के 19 वर्षीय हीरा मछुवा बताया गया है। बाकी घायलों में गणेश मछुवा,कल्पना देवी, सूरज महतो, प्रदुम महतो गंभीर रूप से घायल है। बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया है।

# ईचागढ़ के खूनडीह में डायरिया, कई आक्रांत



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** प्रखंड के गुदड़ी पंचायत अंतर्गत खूनडीह में डायरिया फैला हुआ है। गांव में अब तक कुल 10 लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। वर्तमान में सात लोग डायरिया की चपेट में हैं। इनमें से चार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। हालात बिगड़ने के बाद डायरिया पीड़ितों को परिजनों ने सोमवार को पातकुम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ पहुंचाया। अस्पताल में खूनडीह के संतोष माझी, कमला माझी, दुर्गामणि माझी और अंजू माझी का इलाज चल रहा है। वहीं उत्तम कुमार हांसदा, मंगली माझी और दुबराज हेंब्रम का इलाज अपना घर में ही चल रहा है। इसके पूर्व गांव के तीन पीड़ित अब स्वस्थ हो चुके हैं। खूनडीह के करीब महेश चंद्र माझी,भास्कर माझी और फूलमनी माझी डायरिया से जंग जीतकर अब स्वस्थ हो चुके हैं। तीनों निजी चिकित्सक से अपना इलाज कराए थे। ईचागढ़ प्रखंड के खूनडीह में डायरिया का प्रकोप फैलने के बाद सोमवार को स्वास्थ्य कर्मी ईचागढ़ पहुंचे और लोगों की जांच की। टीम ने जरूरतमंदों के बीच आवश्यक दवा का वितरण किया।

**डायरिया पीड़ित लोगों की मदद के लिए आगे आये खगेन महतो :** गुदड़ी पंचायत के खुनडीह में बीते चार पांच दिन से डायरिया का प्रकोप से अभी तक दस लोग पीड़ित है। ओर लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रहे है। सूचना मिलते ही समाजसेवी खगेन महतो गांव पहुंच कर तत्काल सभी मरीजों को गांव से लाकर ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ ले जाकर भर्ती कराया।

## मतदाताओं और अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलायी गयी नैतिक मतदान की शपथ



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आगामी विधानसभा चुनाकव को लेकर खूंटी जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में सोमवार को स्वीप कोषांग के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया और नैतिक मतदान के लिए शपथ दिलाई गयी। इस दौरान क्षेत्र के मतदाताओं समेत प्रखंड और अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों और कर्मियों ने भी नैतिक मतदान करने की शपथ ली। मतदान से जुड़ी किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प और चुनाव के दौरान किसी प्रकार की शिकायत दर्ज कराने को लेकर ह्वाट्सएप्प के इस्तेमाल से की जानकारी दी गयी। इसके अलावा वैसे मतदाता जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम अब तक नहीं जुड़वाया है, उन्हें फॉर्म 6 भरकर जमा करने या ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में जिले के योग्य मतदाता अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके।

फॉर्म 7 एवं 8 के तहत मतदाता सूची में सुधार, मतदाता पहचान पत्र के फोटो में सुधार, या पता में बदलाव को लेकर भी आवश्यक जानकारी दी गयी।

# बुंडू बड़ा तालाब में अनियमितता को लेकर आजसू का जल सत्याग्रह शुरू

रोहित राम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू बड़ा तालाब में साढे पांच करोड़ की लागत से कराये जाने वाले सौंदर्यकरण में संवेदक द्वारा भारी अनियमितता को लेकर आजसू पार्टी जल सत्याग्रह का आयोजन किया। आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में बुंडू स्थित बड़ा तलाब के जल में उतरकर अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह शुरू किया गया है। यह तालाब 101 एकड़ में फैले बुंडू के मध्य में स्थित है इस तालाब के किनारे किनारे अतिक्रमण किया गया है बुंडू नगर पंचायत के द्वारा बड़ा तालाब में घुसने वाली नाली का पानी को शुद्ध करने के लिए वॉटर ट्रीटमेंट मशीन लगाया गया है। लेकिन यह भी सही तरीके से काम नहीं कर रही है इस तालाब में जलकुंभियों को साफ करने के लिए कुछ दिन पहले रांची नगर निगम के द्वारा मशीन मंगाया गया था लेकिन या मशीन जलकुंभियों को साफ नहीं कर पाया। यह आंदोलन की मांग है कि इस अनियमतता की उच्च स्तरीय जांच कर दोषीयों पर कानूनी कारवाई किया जाए। जबतक उच्च पदाधिकारी द्वारा ठोस आश्वशन नहीं मिलता है तब तक यह जल सत्याग्रह चलता रहेगा। इस जल सत्याग्रह आंदोलन के दौरान अगर किसी भी तरह की दुर्घटना जनित कोई जान माल की क्षति होती है तो उसकी पुरी जिम्मेवारी सरकार एवं नगर पंचायत के सक्षम अधिकारी की होगी। आजसू उक्त कथन आजसू पार्टी के तमाड़ विधान सभा के कार्याकर्ताओं द्वारा कहा गया। उक्त आंदोलन के संदर्भ में बुंडू प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदया जल सत्याग्रह धरना स्थल पर आज शाम 5 बजे पहूंची मगर नेतृत्व कर्ता राजकिशोर ने जिला स्तरीय उच्च सक्षम पदाधिकारी के ठोस आश्वासन के बाद ही आन्दोलन समाप्त करने की बात कही गयी। जब तक ठोस आश्वशन नहीं मिलती है आंदोलन जारी रहेगा बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी की पहल पर बुंडू बीडीओ सावित्री कुमारी अपराह्न 5:00 बजे आंदोलन स्थल पर पहुंची और आंदोलन को समाप्त करने की अपील की लेकिन आंदोलनकारियो ने कहा की जब तक कोई ठोस लिखित आश्वासन नहीं मिलती है तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जायेगा बुंडू का यह तालाब लाइफ लाइन है। लेकिन नगर पंचायत साफ सफाई तक नहीं करवाता है। पानी सड रहा है। जिसमें दुर्गंध आ रही है इसका लाभ बुंडू वासियों को नहीं मिल रहा है।




## कांग्रेस नेत्री ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर दी बधाई



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिल उन्हें बुके देती इंदिरा देवी तुरी।

**खलारी (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस प्रदेश सचिव इंदिरा देवी तुरी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से रांची में मुलाकात कर उन्हे राज्य मंत्री का दर्जा मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इंदिरा देवी तुरी ने कहा कि झारखंड की महागठबंधन सरकार ने मुख्यमंत्री मइयां सम्मान की राशि बढ़ाकर ढाई हजार रुपये कर दिया है। अब सभी बहनों को प्रतिमाह ढाई हजार रुपए मिलेंगे। कहा कि महागठबंधन की सरकार कहती नही बल्कि करके दिखाती है। इस अवसर पर मदन मोहन शर्मा, अभिलाष साहू, प्रवक्ता सतीश पाल मुजनी, रांची जिला नगर अध्यक्ष कुमार राजा, डेलीगेट जाकिर अंसारी, हरिशंकर यादव, राखी कौर उपस्थित थे।

## खूंटी में अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी और बिरसा कॉलेज खूंटी में सोमवार को मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से रानिया और मुरहू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाचन प्रक्रिया, इवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़े कई संपूर्ण जानकारी दी गयी, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी गाइड लाइंस का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके।

## हुटाप एवं खलारी में योजनाओं का शिलान्यास



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी प्रखंड के हुटाप एवं खलारी पंचायत में विकास योजनाओं का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेष्वर महतो, जिला परिसद सदस्य सरस्वती देवी, हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा एवं मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इसके बाद सभी अतिथियों ने शिलापट्ट से पर्दा हटाया। जिन योजनाओं का शिलान्यास किया गया उनमें एक सीएसआर एवं एक डीएमएफटी फंड के योजनाओं का शिलान्यास किया गया। सीएसआर से खलारी डीएसपी तालाब का जीर्णोद्धार एव डीएमएफटी से हुटाप पंचायत के हुटाप में सरयू तुरी के घर के पास डीप बोरिंग युक्त सोलह हजार लीटर जलमीनार का निर्माण किया जायेगा। इस मौके पर प्रीतम साहू, अरविंद सिंह, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, चतुर्गुण भुइयां सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सविता महतो ने दो पुल के निर्माण का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत स्वीकृत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के धुनाबुरु पंचायत के रायडीह से जुरगु के बीच कुउम घाट में पलना नाला पर पुल निर्माण और हेंसाकोचा पंचायत के रांगाडीह से पारसीडीह के बीच पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने सोमवार को विधिवत शीलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने बताया कि रायडीह से जुरगु के बीच कुउम घाट में 3 करोड़ 31 लाख रुपये और रांगाडीह से पारसीडीह के बीच 2 करोड़ 36 लाख रुपये कि लागत से पुल का निर्माण होगा। विधायक ने कहा दोनों पुलों का निर्माण ग्रामीणों का बरसों पुराना मांग था जिसे पूरा किया गया। उन्होंने कहा दोनों पुल का निर्माण होने से दर्जनों गांव के लोगों को यातायात में काफी सुविधा होगी। विधायक ने पुल निर्माण करने वाले संवेदक को पुल का निर्माण स समय और गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला परिषद सविता मार्डी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, माधव सिंह मानकी, सुधीर किस्कु, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, मातकामडीह मुखिया सुकलाल मांझी, चौका मुखिया कुनाराम मांझी, खुंटी मुखिया सुकराम टुडू, बुद्धेश्वर सिंग मुंडा, कुनाराम मांझी, सुदामा हेंबब्रम, राहुल वर्मा, पशुपति महतो, लंबोदर महतो, अरुण महतो, भादरू सिंह मुंडा, बैद्यनाथ टुडू,समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता व ग्रामीण महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।



## कोयलांचल में नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको के पूजा पंडालो मे स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण एंव गाजे-बाजे के साथ विसर्जन किया गया। इसके साथ ही दस दिनों तक चलने वाले दशहरा पर्वोत्सव का समापन हो गया। सोमवार को विसर्जन के लिए पूजा पंडाल से मां दुर्गा को निकाल कर विसर्जन वाहन पर रखते ही श्रद्धालु महिलाओं की भारी भीड़ ने नम आंखों से मां दुर्गा की विदाई की। इस अवसर पर मां को खोईंछा देते हुए सुहागिन महिलाओं द्वारा सिंदुर को प्रसाद के रुप में नाक से लेकर मांगों तक लगाया गया। मां दुर्गा की प्रतिमा के पंडाल से निकलते वक्त एक ओर जहां पंडाल सुना सा पड़ गया वहीं दूसरी ओर पुरा वातावरण मां दुर्गा के जयकारों से गूंज रहा था। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ गाजे बाजे से मां दुर्गा का विसर्जन जुलूस निकला जो बचरा काली मंदिर होते हुए चार नंबर बसंत बिहार कालोनी तक पहुंचा।


# बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) का 16 सूत्री मांगों को लेकर भूख हड़ताल एवं धरना आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा स्थित वीआईपी क्लब में जेएलकेएम सह जेबीकेएसएस और बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) की संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता तौहीद अंसारी एवं संचालन रतिया गंझू ने किया। बैठक में बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) के 15 अक्टुबर से 16 सूत्री माँगों को लेकर मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय के गेट के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का जेबीकेएसएस द्वारा समर्थन दिया गया। साथ ही कहा गया कि एरिया की समस्या की लड़ाई को अब मजबूती के साथ लड़ा जायेगा। वहीं बैठक में धरना प्रदर्षन कार्यक्रम को लेकर बताया गया कि पहले दिन भूख हड़ताल और उसके बाद से लगातार अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। बताया गया कि धरना कार्यक्रम को लेकर एनके एरिया महाप्रबंधक को पत्र भी दिया गया था लेकिन अभी तक प्रबंधन की ओर से कोई पहल नहीं किया गया। इससे यही अंदाजा लगाया जा सकता की प्रबंधन नहीं चाहता है की कोई भी समस्याओं का समाधान हो यूनियन का कल से अनिश्चितकालीन धरणा जारी रहेगा। वहीं वहीं यूनियन की मांगों में झारखंड सरकार द्वारा घोषित स्थानीय एवं विस्थापित बेरोजगारों को 75 प्रतिषत आउटसोसिंग में नियोजन देना, तुमांग एवं विश्रामपुर पंचायत के ग्रामीण जो भूमिगत खदान के ऊपर रह रहे हैं उन्हे कंपनी के पुर्नवास नीति के तहत जल्द विस्थापन किया जाय, एनके एरिया में जर्जर हो रहे कामगारों के आवासों को जल्द रिपेयर कर ठीक किया जाय और सही ढंग से काम करवाया जाय, लोकल सेल ट्रक कोयला हैंड लोडिंग के द्वारा कराया जाए ताकि रोजगार मिल सके, संडे डियूटी में चार दिन के फिजिकल उपस्थिति की अनिवार्यता को खत्म किया जाए, एनके एरिया की सभी कॉलोनी में पानी की समस्या बनी रहती है जिसका समाधान किया जाय और साफ पानी का सप्लाई रोज किया जाय, एनके एरिया में हाई पावर कमिटी के फैसले को पूरी तरह से लागू किया जाय, खदान में हो रहे हेवी ब्लासिंटग पर रोक लगाया जाय, एनके एरिया में हो रहे लोहा, कोयला और तेल चोरी पर रोक लगाया जाए, प्रदूषण पर रोक लगाया जाय, एनके एरिया की सभी कॉलोनी में नाली की सफाई और कॉलोनी की सफाई कराया जाए, कोयला निकासन के बाद खुली खदान को समतल किया जाए सहित अन्य मांगे शामिल है।



## गणेश स्पोर्टिंग क्लब के एथलेटिक्स खिलाड़ी स्टेट जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के 10 एथलेटिक्स खिलाड़ी 18वीं झारखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए राय रेलवे स्टेशन से रजरप्पा रामगढ़ के लिए रवाना हुए। यह सभी एथलेटिक्स खिलाड़ी 14 एंव 15 अक्टुबर तक रजरप्पा स्टेडियम में झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा आयोजित 18वीं झारखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस संबंध मे गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया है कि इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एथलेटिक्स खिलाड़ियों को राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए गणेश स्पोर्टिंग क्लब के सभी खिलाड़ियों ने काफी मेहनत किया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के एथलेटिक्स खिलाड़ियों मे छोटू उरांव टोप्पो,आशुतोष कुमार, अभय लोहारा, राहुल उरांव,प्रदीप कुमार, अनोखी कुमारी, सीमा कुमारी, रूबी कुमारी, सीमी कुमारी एवं संजू कुमारी साथ कोच के रूप में गणेश कुमार महतो का नाम शामिल है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in
09

## बड़ाम चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट 19 से

नामकुम (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बड़ाम पंचायत के स्कूल मैदान में दिपावली सह सोहराई जतरा के अवसर पर इस साल भी 19 से 22 अक्टूबर (पांच दिवसीय) बड़ाम चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 15 हजार रुपये है। टूर्नामेंट 16 टीमों के बीच खेला जाएगा। प्रत्येक मैच आधा-आधा घंटे का होगा। जबकि प्रथम पुरस्कार के रूप में दो लाख, द्वितीय पुरस्कार 1.5 लाख और तृतीय व चुतुर्थ पुरस्कार क्रमश 30-30 हजार रुपये रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष जकरियस गाड़ी ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मैच दो नवंबर को खेला जाएगा।

## जय सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट नौ दिसंबर से



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुदलोंग गांव में जय सरना क्लब के तत्वाधान में सोमवार को बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गांव के पाहन सामाजिक कार्यकर्ता बिगल मुंडा ने की। बैठक में क्षेत्र के युवाओं में फुटबॉल के प्रति जागरूकता एवं खेल व अनुशासन सीखने के उद्देश्य से सर्व समिति से कुदलोंग गांव के फुटबॉल मैदान में 6 दिवसीय जय सरना क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके संचालन के लिए समिति से अध्यक्ष के रूप में सुमित तिग्गा, सचिव अरुण लकड़ा, कोषाध्यक्ष मुन्ना उरांव आदि का चयन किया गया। यह टूर्नामेंट नौ दिसंबर शे शुरू कर 14 दिसबर तक चलेगा। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार तीन लाख रुपये निर्धारित किया गया है। वहीं, द्वितीय पुरस्कार दो लाख रुपया, तृतीय-चतुर्थ पुरस्कार 50-50 हजार रुपये के साथ ही मैन ऑफ द सीरीज में एक एलइडी टीवी और फाइनल में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार एक मोबाइल फोन दिया जाएगा। इस टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 25 हजार रुपये रखा गया है। इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता शंकर कच्छप ने दी। बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाले टीम को आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार स्वागत किया जाएगा। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीम शंकर कच्छप 98015 52320, सुमित तिग्गा 7004261859 और अरुण लकड़ा 8877071923 आदि के नंबर पर संपर्क कर सकती है।

## स्कूल में चोरी, खेल सामग्री उड़ा ले गये चोर

पिठोरिया (आजाद सिपाही)। अंबेडकर चौक स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में चोरों ने दावा बोल दिया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम लगन महली ने इस बाबत पिठोरिया थाने में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा की छुट्टी के दौरान विद्यालय के स्पोर्ट्स रूम के पिछले दरवाजे को तोड़कर चोरों ने बड़ा-छोटा मिलाकर कुल 23 बैट, 8 फुटबॉल, दो विकेट सेट, नौ सेट बैडमिंटन, पांच पैकेट कार्क और 45 कोस्को बाल आदि चोरी कर ली।

## नामकुम में नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को विदाई

नामकुम (आजाद सिपाही)। नौ दिनों तक चले शारदीय नवरात्र के बाद विजयादशमी और दशहरा का त्योहार धूमधाम से संपन्न हुआ। रविवार की देर शाम नवयुवक संघ जय माता दी क्लब नामकुम रेलवे स्टेशन के अध्यक्ष विनोद सिंह और नामकुम नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति नामकुम रेलवे स्टेशन के अध्यक्ष मनीष राय के नेतृत्व में निकली शोभा यात्रा के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान मां दुर्गा के भक्तों ने नम आंखो से मां को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने का न्योता दिया।

## भाजपा नेता ने श्राद्धकर्म के लिए की मदद




नामकुम (आजाद सिपाही)। भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह लोवाडीह निवासी प्रभुदयाल बड़ाईक ने सोमवार को नगड़ी प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने कई लोगों के घर पहुंचकर हालचाल पूछा। उन्होंने नगड़ी प्रखंड के गागी टोली निवासी स्व बंधन बड़ाईक के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर श्राद्धकर्म के लिए खाद्य सामाग्री देकर मदद की। मौके पर कलावती देवी, ज्योति देवी, लीलू बड़ाईक, खुशबू कुमारी आदि थे।

## प्लाई बोर्ड और हार्डवेयर दुकान का उद्घाटन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। गोंदलीपोखर लेढ़ाअंबा के निकट सोमवार को प्लाई बोर्ड एवं हार्डवेयर दुकान का उद्घाटन भाजपा ग्रामीण ज़िला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने किया। इससे पहले विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। मनोज चौधरी ने कहा कि ग्राहकों की सेवा और संतुष्टि का खास ख्याल रखा जाना चाहिए। यह बेहतर व्यवसाय का मूल मंत्र भी है। वहीं, दुकान के प्रोपराइटर सिमलिया निवासी बिंदेश्वर महतो ने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवा देने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दुकान में प्लाई बोर्ड दरवाजा, डिजाइनर दरवाजा, सनमाइका, पीबीसी डोर, वेनिर, फायवर सीट, प्लाई हार्डवेयर आदि सामान खुदरा व थोक भाव में मिलेगा। मौके पर भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## टुंडी विधायक मथुरा महतो पर दर्ज हो धोखाधड़ी का मुकदमा : दीप नारायण



कतरास (आजाद सिपाही)। झामुमो के टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा विगत दिनों बिना टेंडर निकाले पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर सोमवार को जदयू के प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बिना टेंडर के ही पथ निर्माण विभाग धनबाद प्रमंडल अंतर्गत जीटी रोड स्थित ब्राह्मणडीहा खरीयो मोड़ तक, भाया हीरापुर, मतारी, पाकेडबेडा, लोदवाडीह, झगराही, मोहनपुर, तुरसाबाद सड़क पुनर्निर्माण का शिलान्यास कर दिया है। जो सरासर गलत और गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि विधायक अपने पांच साल के कार्यकाल में गांव के विकास के लिए कुछ नहीं किये। अब जब कार्यकाल पूरा हो रहा है तो वे हार के डर से आनन-फानन में बिना टेंडर के ही योजनाओं का शिलान्यास कर जनता की आंखों में धूल झोंकने की कोशिश कर रहे हैं। विधायक मथुरा प्रसाद महतो को लग रहा है कि टुंडी की जनता उन्हें अब रिजेक्ट करने वाली हैं। वे टुंडी की जनता को धोखा देकर पथ निर्माण विभाग के आंखों में धूल झोंकने का काम किये है। जदयू पथ निर्माण विभाग से मांग करती है कि विधायक मथुरा प्रसाद महतो के उपर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया जाय । इस मौके पर दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राजी पड़हा मुड़मा जतरा संचालन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# जतरा मेला में शामिल होंगे हेमंत सोरेन!

आजाद सिपाही संवाददाता



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आमंत्रण पत्र देने पहुंचे ऐतिहासिक राजी पड़हा जतरा समिति मुड़मा का प्रतिनिधिमंडल।

मांडर। प्रखंड स्थित मुड़मा में 18-19 अक्टूबर को लगने वाले जतरा को लेकर सोमवार को ऐतिहासिक राजी पड़हा मुड़मा जतरा संचालन समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ ने की। बैठक में जतरा की तैयारियों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी। इस दौरान बैठक में विद्युत विभाग, पेय जल एवं स्वच्छता विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इसमें जनता सुविधा का ख्याल रखते हुए हर विभाग को निर्देश दिया गया कि मेला में आगंतुक को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स तैनात करने का निर्णय लिया गया। मौके पर सीओ चंचला कुमारी, डीएसपी आरएन चौधरी, थाना प्रभारी राहुल, चिकित्सा प्रभारी डॉ किशोर कुल्लू, समजसेवी बाबू पाठक, सचिव रंथु उरांव, अनिल उरांव और बिहारी उरांव आदि मौजूद थे। दूसरी ओर, ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति मुड़मा का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिला। मुख्यमंत्री को 'राजकीय परंपरागत ऐतिहासिक पाड़हा जतरा समारोह (मुड़मा मेला)' के अवसर पर आयोजित पूजा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। इस मौके पर ऐतिहासिक राजी पाड़हा जतरा समिति मुड़मा के मुख्य संयोजक धर्मगुरू बंधन तिग्गा और अध्यक्ष जगराम उरांव उपस्थित थे।

## झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार डूबती नैया की तरह, जिसे लोग एक-एक कर छोड़ रहे: सन्नी टोप्पो

इटकी में दर्जनों कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



इटकी। प्रखंड के पलमा गांव स्थित होटल सभागार में सोमवार को भाजपा के प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिला भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष धीरज महतो, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो और पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने सभी नये सदस्यों को अंग वस्त्र और माला पहना कर स्वागत किया। अपने संबोधन में भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि अब झारखंड में गठबंधन की सरकार डुबती नैया की तरह हो गयी है, जिससे एक-एक लोग छोड़कर भाग रहे है। क्षेत्र की कई ज्वलंत मुद्दों को उठा कर वर्तमान के जन प्रतिनिधियों का नाम लिये बिना जमकर निशाना साधा। कहा कि जाति-धर्म के नाम पर बांट कर वर्षों से राजनितिक लाभ उठाते रहे हैं। पर जनता ऐसो लोगों को भली भांति समझ चुकी है। उन्होंने ऐसे जन प्रतिनिधियों से सावधान रहने की बात कही। उधर, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जिला भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष धीरज महतो और जिप सदस्य रीणा देवी ने भी अपने-अपने विचार रखे। दूसरी ओर, कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए लोगों में प्रखंड कांग्रेस सचिव मोहित गोप, सुका उरांव, रोहित गोप, सूरज उरांव, बबलू गोप, अनुपम महतो, अमन उरांव, अनिल उरांव, संदीप उरांव, विजय केरकेट्टा और रवि केरकेट्टा आदि शामिल थे।

## खिजरी विधायक ने 17 लाभार्थियों को सौंपा मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राशि का चेक




नामकुम (आजाद सिपाही)। खिजरी विधायक राजेश कच्छप की अनुशंसा पर स्वीकृत मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत खिजरी विधानसभा क्षेत्र के कुल 17 पीड़ित व्यक्तियों को आठ लाख 15 हजार रुपये अनुदान राहत राशि का लाभ दिलाया। सोमवार को लुपुंगटोली स्थित विधायक के आवास पर विधायक के हाथों लाभुकों को चेक सौंपा गया। उन्होंने कहा कि जनता के हर सुख दुख में खड़े हैं। जनता की हर समस्या के समाधान का प्रयास करुंगा। वहीं, लाभ पाने वालों में अनगड़ा, नामकुम, ओरमांझी, हटिया एवं धुर्वा प्रखंड के लोग शामिल है। इस मौके पर दुतीनाथ महतो, अर्चना मिश्रा, विजय टोप्पो, हरिमोहन महतो, रीना मुंडा, रीना सांगा, कल्याण लिंडा, सफिउल्हा अंसारी, अरुण कुमार, अनीता कुमारी, सरीता देवी, अनीता देवी, पुजा कुमारी, लोकनाथ पाहन, दिनेश चंद्र प्रमाणिक, पंचू तिर्की और समीम उपस्थित थे।

## गुतरु मेले का समापन

ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)। बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुतरु मेला सोमवार को संपन्न हुआ। इससे पहले रविवार की देर शाम गांव के रघुराम पाहन द्वारा जतरा खुटा में विधिवत पूजा की गई। मेले का उद्घाटन प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी, उपप्रमुख हरदेव साहू, थाना प्रभारी रितेश कुमार महतो ने किया। मेला में बुढ़मू समेत खलारी, चतरा, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग के हजारों लोग शामिल हुए। वहीं, मेला के सफल आयोजन में राहुल महतो, अशोक महतो, नागेश्वर महतो, मधुसूदन पाहन, शिवप्रसाद लोहरा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## रिनपास निदेशक की नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2023 में संशोधन को हेमंत सोरेन कैबिनेट ने दी मंजूरी




कांके (आजाद सिपाही)। रिनपास मानसिक अस्पताल में निदेशक नियुक्ति एवं सेवा शर्त नियमावली 2023 में संशोधन को हेमंत सरकार कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मदन कुमार महतो और रांची जिला कांग्रेस के महासचिव महेश कुमार मनीष ने खुशी जाहिर करते हुए राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार व्यक्त किया है। कहा कि रिनपास में स्थाई निदेशक की नियुक्ति 2007 से ही नहीं हो पाई है। इसके मंजूरी मिलने से अब स्थाई निदेशक की नियुक्ति हो सकेगी। प्रभारी निदेशकों के भरोसे रिनपास मानसिक अस्पताल कार्य कर रहा है। सैकड़ो की संख्या में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी सहित उच्च पदों पर भी काफी पद यहां पर रिक्त है। लेकिन यहां नियुक्तियां नहीं की जा रही है। निजी सिक्योरिटी गार्ड्स, नर्सों के भरोसे मानसिक रोगी इलाजरत है वहीं वर्तमान समय में संस्थान भ्रष्टाचार भी चरम सीमा पर है।

# जनजातियों के धार्मिक स्थलों के संरक्षण के प्रति झारखंड सरकार कृतसंकल्पित: शिल्पी

### बेड़ो में मांडर विधायक ने किया 32 योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो में योजनाओं का शिलान्यास करतीं मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, बंधु तिर्की व अन्य।

बेड़ो। जनजातियों के सामाजिक और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति झारखंड की गठबंधन सरकार कृतसंकल्पित है। उक्त बातें मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कही। वे प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को कल्याण विभाग की ओर से पांच प्रखंडों मांडर, चान्हो, इटकी, बेड़ो व लापुंग के 32 गांव में बनने वाले सरना स्थल, मसना स्थल व धुमकुड़िया के घेराबंदी निर्माण कार्य के संयुक्त शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहीं थीं। उन्होंने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जनजातियों के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए घेराबंदी की जा रही है। जिससे ग्रामीण इस स्थल का सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक कामों में इसका उपयोग आसानी से कर पाएंगे। अब यह स्थल पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर होगा। वहीं झारखंड सरकार के समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि सरकार के कल्याण विभाग द्वारा जनजातीय संस्कृति को बचाने के लिए मसना, झखरा, धुमकुरिया, अखरा एवं सरना का घेराव किया जा रहा है। जिससे झारखंड की ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित व विकसित किया जा सके। इस मौके पर जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, सीओ प्रताप मिंज, डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी नकुल साह, मुखिया रमेश उरांव, रमेश महली, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, नवल किशोर सिंह, करमा उरांव, मो फहीम, सोमरा लोहरा, राज कमल गोप व मनकु कुजूर आदि मौजूद थे।

## बाघवार अकादमी में मां दुर्गा के नौ रूपों का किया गया नाट्य मंचन




चान्हो (आजाद सिपाही)। बाघवार अकादमी प्रांगण में सोमवार को कक्षा 5, 8 एवं 9 के छात्र-छात्राओं द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों (शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धियात्री) का अंग्रेजी में नाट्य मंचन किया गया। इसमें मां दुर्गा के नौ रूपों के साथ ही महिषासुर वध को भी दर्शाया गया। बतातें चलें कि इस नाटक को सिर्फ दो दिन के अल्प अवधि में कक्षा 8 की आचार्य कुलदीप कुमार के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। इस नाट्य मंचन में श्रेया रानी, शिवानी कुमारी, वैष्णवी कुमारी सुचिता कुमारी, रेशमा कुजूर, आदिति कुमारी, अंजली कुमारी, इशा प्रिया आदि विद्यार्थी विभिन्न भूमिका निभाते नजर आये। आकांक्षा कुमारी एवं अरुण टोप्पो दोनों कक्षा 8 और सांची सलोनी, शिवानी कुमारी, आलिया निशा कक्षा 5 की छात्राएं हैं। मंच संचालन कुलदीप कुमार ने किया। वहीं, विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने कहा कि दशहरा-दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। कहा कि अपने अंदर व्याप्त बुराई को निकाल सच्चाई के मार्ग पर चलें, क्योंकि अंत में सच्चाई की ही जीत होती है।

## बेड़ो में 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की हड़ताल से गरीब मरीज हो रहे परेशान

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों की लाइफ लाइन कहे जाने वाली 108 एंबुलेंस सेवा से जुड़े कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से गरीब मरीजों को काफी परेशानी हो रही है। कई ऐसे भी मरीज हैं जिन्हें डॉक्टरों ने रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया है। लेकिन एंबुलेंस नहीं मिलने से वे अस्पताल नहीं जा पा रहे हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को बेड़ो सीएचसी पहुंचने में भी परेशानी हो रही है। यहां के जरूरतमंद निजी वाहन या ऑटो से इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच रहे हैं। सोमवार को प्रखंड से टेरो व बोदा से गर्भवती महिलाएं ऑटो से सीएचसी पहुंची। वहीं, घाघरा रेयाज मल्लिक अपने बेटे को भी ऑटो से लेकर बेड़ो सीएचसी पहुंचे। इटकी के डोला सुगदा अंकित सिंह बाइक से अपनी मां को लेकर सीएचसी पहुंचा। वहीं, एंबुलेंस चालकों का कहना है कि अपनी जान जोखिम में डालकर 24 घंटे जनता की सेवा में लगे रहते हैं, लेकिन हम लोगों से समय से वेतनन तक नहीं मिलता है। जब तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है तब तक हड़ताल जारी रहेगा।

## 29 अक्टूबर को कार्तिक उरांव की जयंती पर बेड़ो में जतरा का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में रविवार को जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विशु उरांव ने की। बैठक में 29 अक्टूबर को महान जनजातीय नेता कार्तिक उरांव की जयंती भव्य तरीके से मनाने व जतरा को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष जगरनाथ भगत ने कहा किमहान राजनेता शिक्षाविद की जयंती पूरे झारखंड में मनाई जाती है। बेड़ो में भी इस वर्ष से महान विभूति स्वर्गीय कार्तिक उरांव की जयंती मनाई जाएगी। साथ ही पारंपरिक खोड़ा दलों के साथ जतरा का आयोजन किया जाएगा। मौके पर फागु मुंडा, मनोज भगत, चिलगु उरांव, पुनई उरांव, बन्नू भगत, चंद्र किशोर भगत, मनोज उरांव, अनूप मुंडा, शंकर बड़ाइक आदि मौजूद थे।

## कब्रिस्तान में युवती के शव के साथ छेड़छाड़ ग्रामीणों ने थाना के समक्ष किया हंगामा

राजगंज/कतरास (आजाद सिपाही)। राजगंज थाना के सामने रविवार की रात स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि दफन की गयी एक किशोरी के शव के साथ दो युवकों ने छेड़छाड़ की है। किशोरी की मौत कुछ दिन पहले किसी ऊंटाई से गिरने से हुई थी। जिसे विधिवत दफनाया गया था। कब्र पर नियमित रूप से कुछ बिधि विधान किया जाने लगा। पर रविवार को जब मृतिका के परिजन कब्र पर पहुंचे तो कब्र की मिट्टी को हटाया पाया। इसी बात को लेकर कई गंभीर आरोप लगाते हुए मृतक के गांव वालों ने राजगंज थाना पहुंचकर हंगामा कर दिया। प्रशासन के काफी समझाने के बाद भी सड़क जाम नहीं हटाये। तब पुलिस ने आरोपित दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। वहीं, घटना की सूचना पाकर बाघमारा एसडीपीयो पुरुषोत्तम कुमार सिंह सहित कई थानों की पुलिस राजगंज थाना पहुंच गयी। एसडीपीयो ने आक्रोशित ग्रामीणों को शांत करवा और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांट शुरू कर दिया, जिसके बाद ग्रामीण शांत होकर लौट गये।

## सड़क हादसे में मारे गये पिता-पुत्र का शव सुपुर्द-ए-खाक



इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी के शिक्षक सफदर आलम और उनके नौ वर्षीय पुत्र अहियान सफदर सोमवार को सुपुर्द-ए-खाक हो गये। इससे पहले निकाले गए जनाजे में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मेयर रामा खलखो सहित भारी संख्या लोग शामिल हुए। करीब तीन बजे स्थानीय कब्रीस्तान में पिता-पुत्र के शवों को नम आंखों से कब्र दिया गया। बतातें चलें कि नेतरहाट घुमने गये लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के करमाही मोड़ पर सड़क दुर्घटना में सफदर आलम (42 ) उसके नौ साल के पुत्र अहियान सफदर की मौत हो गई थी। जबकि सफदर की पत्नी गुलफसां परवीन, जायान गनफर, इबाद अंसारी और अनिक अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिनका रांची के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# बालियात्रा मैदान में 34वां रावण पोड़ी महोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित

● 10,000 से अधिक लोग हुए थे एकत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** कटक बारबाटी सर्वधर्म सांस्कृतिक परिषद द्वारा इस वर्ष बालियात्रा मैदान में 34वां रावण पोड़ी महोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित किया गया है। रावण पोड़ी उत्सव को देखने के लिए 10,000 से अधिक लोग एकत्र हुए। इस रावण पोड़ी कार्यक्रम में राज्य के कानून मंत्री पृथीराज हरिचंदन मुख्य अतिथि थे। सही वातावरण को ध्यान में रखते हुए, रावण पोड़ी को केवल हरे पटाखों से जलाया गया था। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। रावण पोड़ी कटक में एक महान त्योहार है। त्योहार को देखने के लिए बालियात्रा मैदान हजारों संख्यक लोगों एकत्रित हुए। इस अवसर पर बारबाटी सर्वधर्म सांस्कृतिक परिषद के संयोजक आशीर्वाद बेहेरा, विधायक देविरंजन त्रिपाठी, सौविक बिस्वाल, सफिया फिरदोस, कटक मेयर सुभाष सिंह, पूर्व मंत्री समीर दे आदि उपस्थित थे। बारबाटी सर्वधर्म सांस्कृतिक परिषद के संयोजक आशीर्वाद बेहेरा ने कहा कि अगले साल रावण को जलाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक रावण बनाया जायेगा।

**निर्धारित मार्ग से गया देवी दुर्गा का विसर्जन जुलूस :** भुवनेश्वर में सोमवार को देवी दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर तीन भसानी समितियां हैं - एक शहीद नगर में, दूसरी नयापल्ली में और तीसरी चंद्रशेखरपुर में। सभी देवता उपरोक्त तीन स्थानों में से अपने निर्धारित मार्ग का उपयोग किया। बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कुछ सड़कों पर आवागमन पर प्रतिबंध लगाये गये थे। यह प्रतिबंध दोपहर 3 बजे से रात लगभग 1 बजे तक या जुलूस समाप्त होने के समय तक लगाया गया था। शहीद नगर में भुवनेश्वर भासनी उत्सव समिति के विसर्जन जुलूस के लिए, वाणी विहार की ओर से रूपाली स्क्वायर की ओर जाने वाले यातायात को वाणी विहार से आचार्य विहार की ओर मोड़ा गया। किसी भी प्रकार के वाहन को जनपथ पर चलने की अनुमति नहीं दी थी। उन्हें सचिवालय मार्ग और अन्य निकटवर्ती सड़कों पर डायवर्ट किया गया था। राजधानी मंदिर सुरक्षा भेसनी समिति, नयापल्ली के विसर्जन जुलूस के लिए, सीआरपी स्क्वायर की ओर से कटक की ओर जाने वाले यातायात को सीआरपी स्क्वायर से जयदेव विहार की ओर एकाम्र पार्क और बीजू पटनायक कॉलेज के रास्ते भेजा गया। स्टीवर्ट स्कूल रोड, यूनिट-8 रोड, ओयूएटी स्क्वायर-न्यू एयरपोर्ट रोड पर वाहनों का आवागमन निकटवर्ती सड़कों पर डायवर्ट किया गया था।

**कटक में दुर्गा पूजा भवानी के लिए कटक में रूट निर्धारित :** कटक में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के लिए कमिश्नरेट पुलिस ने यातायात निर्धारित किया था। सड़क पर झांकियों (मेधा) की तेज आवाजाही के लिए कॉलेज चौक से बक्सीबाजार, तिनिकोनिया बगीचा से चांदनी चौक, चौधरी बाजार चौक से पूर्णा साहू चौक, जौनलियापटी और फिरंगी बाजार से देवीगढ़ तथा कटक चंडी मंदिर चौक से शेख बाजार और मोहम्मदिया बाजार स्ट्रीट से चांदनी चौक तक यातायात प्रतिबंध लगाया गया था। हालांकि, मुख्य चौराहों पर भीड़भाड़ न होने पर यातायात नियमों के अनुसार वाहन एक तरफ से दूसरी तरफ जा सकते थे। इसके अलावा शहर में अन्य स्थानों पर भी यातायात प्रतिबंध जारी किये गये थे। कमिश्नरेट पुलिस ने अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम के जरिए पूरे शहर की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

# बाइक को टक्कर मारने के बाद बस में लगी आग, बाइक सवार की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के जाजपुर जिले में सोमवार को एक यात्री बस में बाइक से टक्कर लगने के बाद आग लग गयी। बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसा छतिया के पास हुआ। बस भुवनेश्वर से बालासोर जा रही थी। मृतक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। छतिया के पास एक यात्री बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। इसके अलावा बस में आग लग गयी, लेकिन आग फैलने से पहले ही बस में सवार सभी 50 यात्रियों को बचा लिया गया। सूचना पाकर छतिया बीट हाउस से पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।

## सुबरनपुर जिले में बाइक दुर्घटना में दो दोस्तों की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के सुबरनपुर जिले में सोमवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में दो दोस्तों की मौत हो गयी। यह दुर्घटना जिले के बिनिका पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कटापाली गांव में हुई। मृतक युवकों की पहचान राजेंद्र बारिक (38) और सचित पधान (25) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों दोस्त किसी काम से बाइक से लच्छीपुर जा रहे थे। जब वे कटापाली गांव के पास पहुंचे, तो पीछे से तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों दोस्तों को बिनिका अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजेंद्र बारिक को मृत घोषित कर दिया। सचिता प्रधान की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें संबलपुर जिले के बुराला स्थित विमसार अस्पताल में रेफर किया गया था। लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी भी मौत हो गयी। राजेंद्र बारिक के शव को बिनिका मेडिकल में रखा गया है, जबकि सचित के शव को बुर्ला मेडिकल में रखा गया है।


॥ श्रद्धांजलि ॥

झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन के पुरोधा जननायक स्व० ज्ञान रंजन की 80वी जयंती पर समस्त झारखण्डवासियों की तरफ से उन्हें शत् शत् नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि।

स्व० ज्ञान रंजन
जन्म :– 15/10/1944
स्वर्गवासः– 22/04/1998

आपकी अनुपस्थिति आज भी हमें दुखी करती है। हम सभी के बीच आपकी यादें आज भी ताजा है। आप बहुत जल्दी हमारे बीच से चले गये लेकिन आप हमेशा हमारे दिलो मे रहेंगे। आपने हमारे जीवन मे एक खालीपन छोड़ दिया हैं। हम आपके प्यार, दयालुता और अद्भुत व्यक्तित्व को प्रायः याद करते हैं। आपको कभी भुलाया नहीं जा सकता। आपका प्यार और मार्गदर्शन हमारे जीवन को नित नई प्रेरणा एवं ऊर्जा प्रदान करते रहेंगे।

॥ श्रद्धेय नमन ॥
समस्त झारखण्डवासी एवं परिवारजन।


# आइएमएस और सम हॉस्पिटल कैंपस-2 में एमबीबीएस छात्रों के पहले बैच का कोर्स शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (सोआ), भुवनेश्वर द्वारा संचालित दूसरे मेडिकल कॉलेज, इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल (कैंपस 2) के 150 एमबीबीएस छात्रों के पहले बैच का सोमवार को एक विशेष स्वागत समारोह के साथ पाठ्यक्रम शुरू किया गया।

इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से छात्र उत्साहपूर्वक विश्वविद्यालय के इस नये शिक्षण संस्थान में आये, वहीं सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोजरंजन नायक ने उन्हें बधाई दी और चिकित्सा क्षेत्र में उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ज्ञान प्राप्त करने और सीखने का एक उद्देश्य होना चाहिए। प्रो. (डॉ.) नायक ने इस विशेष कार्यक्रम में एक संदेश में छात्रों को यह सलाह दी कि वे न केवल बीमारों का इलाज करने या उन्हें ठीक करने के लिए खुद को तैयार करें, बल्कि उन लोगों के लिए आशा का स्रोत भी बनें जो पीड़ित हैं।

प्रो. (डॉ.) नायक ने कहा कि उचित शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा सभी सुविधाओं की व्यवस्था की जायेगी। फुलनखरा परिसर, जिसमें 700 बिस्तरों वाला अस्पताल है, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के दिशा-निर्देशों से अधिक है, जिसमें 30 प्रतिशत संकाय यहां पढ़ाने के लिए लगे हुए हैं।

इसी तरह, एक अन्य विशेष कार्यक्रम में, इसके 18वें बैच के 250 एमबीबीएस छात्रों का कोर्स सोमवार सुबह आइएमएस एंड सम हॉस्पिटल, कलिंगनगर में शुरू किया गया।

आइएमएस और सम अस्पताल कैंपस-2 सोआ के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंद, कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत महांति, आइएमएस और सम अस्पताल कैंपस-1 के पूर्व डीन प्रो. (डॉ.) गंगाधर साहू, डीन आईएमएस और सम हॉस्पिटल कैंपस-।। के प्रो. (डॉ.) अरक्षित स्वाइं, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. (डॉ.) राजेश कुमार लेंका और चारमंगल के डीन प्रो. ज्योति रंजन दास ने वक्तव्य रखे।

## चोरों ने साड़ी से मुंह ढंक कर लाखों के गहने लूट लिये



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के मयूरभंज जिले में हाल ही में लूट का एक दुर्लभ मामला देखने को मिला है, जिसमें शातिर चोरों ने लाखों के गहने लूटने से पहले सीसीटीवी को साड़ी से ढंक दिया था। घटना मयूरभंज जिले के उडाला एनएसी के वार्ड नंबर 4 में शिक्षिका दैतारी बिंधानी के घर पर हुई। रिपोर्ट के अनुसार, लूट का शिकार शिक्षक कुछ चिकित्सा कार्य के लिए बालासोर गया था, जब लूट की घटना घटी। चोरों ने मुख्य द्वार का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और अपनी पहचान छिपाने के लिए साड़ी से अपना चेहरा ढक लिया। चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को भी साड़ी से ढंक दिया और उसे डंडे से ढंक दिया। इसके बाद उन्होंने अलमारी तोड़कर उसमें से जेवरात और नकदी लूट ली। सोमवार को घर लौटने पर शिक्षक को लूट के बारे में पता चला। चोरों ने घर के बाहर लगे एक सीसीटीवी को भी तोड़ दिया और दो सीसीटीवी को दूसरी तरफ मोड़ दिया।


Asarfi Hospital
असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पीटल
Department of Gastroenterology
Dr. Sanjay Kumar Singh
MBBS, MD, DrNB (Gastroenterology)
Consultant Gastroenterology
Endoscopy | Colonoscopy | ERCP
प्रतिदिन : सोमवार से शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 4 बजे तक
7808368888
हमारा लक्ष्य
धनबाद फर्स्ट
हरेन्द्र सिंह
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad- 828130



THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9


# वेदांत झारसुगुड़ा ने परंपरा के साथ मनाया दशहरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा वेदांता एल्यूमिनियम ने बुराई पर अच्छाई की जीत के त्योहार के संदेश को अपनाते हुए दशहरा मनाया। बहु-दिवसीय उत्सव ने कर्मचारियों और उनके परिवारों को पारंपरिक अनुष्ठानों, सांस्कृतिक प्रदर्शनों और सामुदायिक-निर्माण गतिविधियों में भाग लेने के लिए एक साथ आते देखा गया। त्योहार का औपचारिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ किया गया और भारत की समृद्ध विरासत को उजागर करने वाले पारंपरिक नृत्य प्रदर्शन, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ जारी रहा। कर्मचारियों ने उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लिया और खुशी साझा करते हुए एकता का माहौल बनाया।

इस अवसर पर बोलते हुए वेदांत एल्युमीनियम के सीओओ श्री सुनील गुप्ता ने कहा, दशहरा धार्मिकता, अखंडता और बुराई पर अच्छाई की जीत के महत्व को प्रतिबिंबित करने का समय है। वेदांत में, हम इन मूल्यों को अपने कार्यों और बातचीत के माध्यम से जश्न मनाते हैं।


S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7603729696, 9206624669



प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-X की बोर्ड परीक्षा-2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's®
वर्मा गेस®
CLASS - X
2025
मूल्य ₹290 मात्र
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर
बोर्ड परीक्षा के लिए
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Hindi, English, Mathematics, Science, Social Science and Sanskrit
All Subjects Combined in ONE BOOK



IGI Certified Diamond Jewellery
50% Off on MAKING CHARGE
भारी छूट एवं आकर्षक उपहार
● GOLD ● SILVER ● DIAMOND
New SONI JEWELLERS
Opp. Election Office Ratu Road, Ranchi - 834001
Mob.: +91 9955526560,+91 9431143722


# क्योंझर में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लोगों की शिकायतें सुनीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री का लोगों की शिकायतें सुनने का सिलसिला जारी है। विभिन्न स्थानों के दौरे के दौरान भी आम लोग मुख्यमंत्री से मिलते हैं और अपनी शिकायतों और समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने क्योंझर के अपने तीन दिवसीय दौरे के अंतिम दिन क्योंझर सर्किट हाउस और मंडुआ स्थित शिकायत सुनवाई शिविर कार्यालय में आम लोगों से मुलाकात की और उनकी शिकायतें प्राप्त कीं और उन्हें मुद्दों के समाधान का आश्वासन दिया। जिले के लगभग 250 आम लोगों ने क्योंझर सर्किट हाउस और मंडुआ शिविर कार्यालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात की और अपनी समस्याओं के बारे में एक ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने खुद सीधे उनसे इसे प्राप्त किया और अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।


LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow
Police Line Hirapur, Dhanbad


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**